▪ वर्षः 1
▪ अंकः 70
▪ पृष्ठः 8
▪ मूल्यः ₹2.00

दैनिक जूम न्यूज़ राजस्थान

खबरों की दुनिया में आपका भरोसेमंद साथी



संपर्क करें
9461119998
info@zoomnews.in
www.zoomnews.in



• जयपुर, बुधवार 23 सितम्बर, 2026 • राज्यः 1, जयपुर (राजस्थान) • अंग्रेजी/हिन्दी (द्विभाषिक दैनिक) RNI No.: RJBIL/26/A5611


# एशियन गेम्सः भारत को पहला गोल्डः भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को 147 रन से हराया

निशिन (जापान)

भारतीय विमेंस क्रिकेट टीम ने लगातार दूसरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल जीत लिया है। टीम ने मंगलवार को फाइनल में श्रीलंका को 147 रन से हराया। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में भी गोल्ड मेडल जीता था। भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट पर 216 रन बनाए। यह एशियन गेम्स में भारतीय विमेंस टीम का अब तक का सबसे बड़ा स्कोर है। 217 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम 15.4 ओवर में 69 रन पर ऑलआउट हो गई। थर्ड प्लेस के मैच में पाकिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर ब्रॉन्ज मेडल जीता है।

भारत के लिए स्मृति मंधाना ने 79, ऋचा घोष ने नाबाद 49 और शेफाली वर्मा ने 48 रन की पारी खेली। मंधाना और शेफाली के बीच पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी हुई। मंधाना ने इस पारी के दौरान विमेंस इंटरनेशनल क्रिकेट में 11 हजार रन भी पूरे किए। श्रीलंका की ओर से सुगंधिका कुमारी, कविशा दिलहारी और चामुडी प्रभोदा ने एक-एक विकेट लिया। श्रीलंका की टीम 15.4 ओवर ही खेल सकी। चामरी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए, जबकि कौशिनी नुथ्यांगना ने 14 और कविशा दिलहारी ने 11 रन बनाए। भारत की ओर से दीप्ति शर्मा ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। शेफाली वर्मा, श्रेयंका पाटिल और श्री चरणी को भी 2-2 विकेट मिले। श्रीलंका के 8 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। इस गोल्ड मेडल के साथ भारत एशियन गेम्स-2026 की मेडल टैली में टॉप-10 में पहुंच गया है। भारत के खाते में अब तक 1 गोल्ड, 4 सिल्वर और 2 ब्रॉन्ज मेडल हैं।



## चेस ओलिंपियाडः उज्बेकिस्तान से हारा भारतः 7वें स्थान पर खिसका; विमेंस टीम तीसरे नंबर पर

**समरकंद**। 46वें चेस ओलिंपियाड के छठे राउंड में भारतीय ओपन टीम को उज्बेकिस्तान से 1.5-2.5 से हार मिली। इस हार के बाद भारत 10 अंकों के साथ सातवें स्थान पर खिसक गया। वहीं, महिला टीम ने अमेरिका को 3-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

भारत और उज्बेकिस्तान के बीच तीन बोर्ड पर मुकाबले ड्रॉ रहे। तीसरे बोर्ड पर निहाल सरीन और नोडिरबेक याकुब्बोएव का मुकाबला निर्णायक रहा। निहाल के पास शुरुआत में समय और स्थिति दोनों में बढ़त थी, लेकिन 38वें मूव में उन्होंने क्वीन गंवा दी। याकुब्बोएव ने इस गलती का फायदा उठाया और मुकाबला अपने नाम कर लिया। उनकी जीत से उज्बेकिस्तान ने भारत को 2.5-1.5 से हराया और 12 अंकों के साथ टूर्नामेंट में अकेले टॉप पर पहुंच गया। भारत ने छठे राउंड से पहले लगातार पांच मुकाबले जीते थे। टीम 10 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर थी। उज्बेकिस्तान से हार के बाद भारत सातवें स्थान पर पहुंच गया। चीन और आर्मेनिया 11-11 अंकों के साथ उसके ऊपर हैं। महिला टीम ने अमेरिका के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की। साविता श्री और वंतिका अग्रवाल ने भारत के लिए जीत हासिल की।

## ब्रीफ न्यूज

### आईआईटी बॉम्बे कैंपस और हॉस्टल से सीलिंग फैन हटेंगे

**मुंबई**। IIT बॉम्बे में बीटेक स्टूडेंट साहिल वाकोडे की मौत के बाद कैंपस और हॉस्टल से सीलिंग फैन हटाए जाएंगे। संस्थान ने इनकी जगह वॉल-माउंटेड यानी दीवार पर लगने वाले फैन लगाने का फैसला लिया है। सूत्रों के मुताबिक, पंखे बदलने पर चर्चा जुलाई में एक छात्र की मौत के बाद शुरू हुई थी। साहिल की मौत के बाद इस फैसले को लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई। साहिल 18 सितंबर की शाम हॉस्टल कमरे में फंदे से लटका मिला था। उसकी मौत के बाद लगातार 5 दिनों से IIT बॉम्बे में छात्रों का प्रदर्शन जारी है।

### राज्यसभा की 12 सीटों पर 16 अक्टूबर को होगी वोटिंग

**नई दिल्ली**। चुनाव आयोग ने मंगलवार को राज्यसभा की 12 सीटों पर चुनाव का ऐलान किया। इनमें उत्तर प्रदेश की 10, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की एक-एक सीट शामिल हैं। 16 अक्टूबर को वोटिंग और काउंटिंग कराई जाएगी। अक्टूबर में होने वाले चुनाव 10 सीटों पर सांसदों के कार्यकाल खत्म होने के बाद हो रहे हैं। जबकि यूपी और बंगाल में एक-एक सीट सांसदों के इस्तीफा देने से खाली हुई है। यूपी में सांसद दिनेश शर्मा ने 11 सितंबर को इस्तीफा दिया, उन्हें अंडमान और निकोबार का LG बनाया गया है। बंगाल में TMC सांसद कोयल मल्लिक ने इस्तीफा दिया था। राज्यसभा में कुल 245 सीटें हैं, जिनमें 242 सीटें भरी हुई हैं और 3 खाली हैं। मौजूदा पार्टी स्थिति में BJP के पास 116 सांसद हैं।

### » अंदर विशेष

▪ 29-29 मत पर अटकी उप महापौर की बाजी, लॉटरी से मेहबूब विजयी

...पढ़े पेज 2 पर

▪ सीएसआईआर-सीरी ने 3 उत्पाद लॉन्च किए, 4 तकनीकें ट्रांसफर

...पढ़े पेज 5 पर

## नगर निकायः अलवर और अजमेर में लॉटरी से फैसला, अधिकतर निकायों में भाजपा का दबदबा कायम

# प्रदेश के 6 निगम में भाजपा के डिप्टी मेयर, 1 निर्दलीय, कांग्रेस खाली हाथ

जूम न्यूज़ • जयपुर

राजस्थान में मंगलवार को हुए सात निगमों के डिप्टी मेयर के चुनाव में 6 में भाजपा के डिप्टी मेयर बने, जबकि पाली में कांग्रेस समर्थित ने भाजपा के बहुमत के बावजूद बाजी मारी। भाजपा ने अजमेर, उदयपुर, अलवर, भरतपुर, भीलवाड़ा और बीकानेर नगर निगम में डिप्टी मेयर पर पर जीत हासिल की, जबकि कांग्रेस कोई डिप्टी मेयर नहीं बना सकी, अलबत्ता कांग्रेस पाली निगम में अपने समर्थित उम्मीदवार महबूब टी को जिताने में कामयाब रही। बीकानेर में बड़ा उलटफेर हो गया। कांग्रेस के पास बहुमत होने के बाद भी यहां भाजपा ने डिप्टी मेयर बना लिया। यहां कांग्रेस पार्षदों ने क्रॉस वोटिंग की। वहीं अलवर, उदयपुर और भीलवाड़ा में भी बीजेपी जीती। अजमेर में भाजपा-कांग्रेस उम्मीदवारों को 40-40 वोट मिले। ऐसे में लॉटरी से भाजपा के हेमंत सांखला जीत गए। पाली में भी लॉटरी से फैसला हुआ। यहां निर्दलीय महबूब टी ने जीत दर्ज की। जोधपुर की मथानिया नगर पालिका के उपाध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस पार्षद बस में पहुंचे। इस दौरान पूर्व विधायक दिव्या मदेरणा हेलमेट पहनकर आईं। उन्होंने कहा- यह हेलमेट सुरक्षा के लिए है। सोमवार को अध्यक्ष पद के चुनाव के दौरान बीजेपी-कांग्रेस कार्यकर्ताओं में झगड़ा हो गया था। देर शाम तक घोषित परिणामों के अनुसार, 47 नगर परिषदों में से 30 में भाजपा और 11 में कांग्रेस के उपसभापति बने, जबकि निर्दलीय 6 जगह कामयाब रहे। वहीं, 304 निकायों में भाजपा ने 199 में जीत का दावा किया है। कांग्रेस व अन्यों को 105 पर सफलता मिली है। दरअसल, भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने उपमहापोर, उपसभापति व उपाध्यक्ष पद के घोषित परिणामों पर कहा कि प्रदेश के 304 निकायों में भाजपा ने 199 में ये पद प्राप्त किए है।



पालीः महबूब टी-लॉटरी से



अजमेरः हेमंत सांखला-लॉटरी से




मथानिया में डिप्टी मेयर के चुनाव के दौरान विधायक दिव्या मदेरणा हेलमेट पहनकर पहुंची, पूछने पर तंज किया कि विपक्ष वालों का रवैया देख पहना है।

### उप महापौर की स्थिति

| निगम | डिप्टी मेयर | पार्टी | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|
| अजमेर | हेमंत सांखला | भाजपा | लॉटरी से |
| पाली | महबूब टी | कांग्रेस समर्थित | लॉटरी से |
| उदयपुर | दिनेश भट्ट | भाजपा | 32 |
| अलवर | अजयपूनिया | भाजपा | 16 |
| बीकानेर | पंकज गहलोत | भाजपा | 02 |
| भीलवाड़ा | राधेश्याम सोमानी | भाजपा | निर्विरोध |
| भरतपुर | अंबिका सैनी | भाजपा | 34 |

#### पुलिस ने रोका तो भी घुस गए MLA

बीकानेर नगर निगम में वोटिंग के लिए पार्षद आए तो विधायक जेठानंद व्यास की गाड़ी को बाहर रोक दिया गया। नाराज विधायक खुद गेट खोलने लगे तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बाद में मेयर प्रत्याशी रहे सुरेंद्र सिंह उन्हें समझाकर अंदर ले गए।

#### बीजेपी नेता और CO में धक्का-मुक्की

सवाई माधोपुर नगर परिषद में उपसभापति पद के लिए बीजेपी के नामांकन के दौरान हंगामा हो गया। अंदर जाने से रोकने पर बीजेपी चुनाव प्रभारी मदन प्रजापत ने सीओ सिटी राजेंद्र मीणा से धक्का-मुक्की करते हुए कहा- क्या बकवास कर रहे हो। मैं चुनाव प्रभारी हूं, मुझे कैसे रोक सकते हो। SDM को बुलाओ, ये कौनसा नियम है।

#### पुलिस कस्टडी में वोट देने आया पार्षद

उदयपुर की फतहनगर नगर पालिका में बीजेपी के बागी पार्षद राजेश चपलोत को चेयरमैन के चुनाव के दौरान सोमवार को पुराने एससी-एसटी केस में गिरफ्तार किया गया था। वे पुलिस कस्टडी में उपाध्यक्ष पद के लिए वोट देने पहुंचे।

बहरहाल, सियासत के जानकारों का कहना है कि कांग्रेस एकजुट होकर लड़ती तो परिणाम विपरीत हो सकते थे।

## तुर्किये राष्ट्रपति ने यूएन में फिर कश्मीर मुद्दा उठाया

▪ फिलिस्तीन का नाम लिया तो इजराइली अधिकारी बाहर निकले



**न्यूयॉर्क**। तुर्किये के राष्ट्रपति रेचेप तैयप एर्दोगन ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में एकबार फिर से कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने मंगलवार को कहा कि कश्मीर मुद्दे का हल बातचीत के जरिए होना चाहिए।

एर्दोगन 2019 से हर साल (2024 छोड़कर) 7 बार UN में कश्मीर का जिक्र कर चुके हैं। भारत पहले भी ऐसी टिप्पणियों को खारिज कर चुका है। एर्दोगन ने फिलिस्तीन के पक्ष में भी भाषण दिया। उन्होंने गाजा में इजराइल की कार्रवाई की कड़ी आलोचना की। इस दौरान इजराइल के प्रतिनिधि UN महासभा हॉल से बाहर चले गए। जनवरी में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के तहत निकोलस मादुरो को पकड़े जाने के बाद रोड्रिगेज ने सत्ता संभाली थी। हालांकि शुरुआत में उन्होंने मादुरो की गिरफ्तारी का विरोध किया, लेकिन बाद में ट्रम्प प्रशासन के साथ मिलकर देश के बड़े तेल भंडार से जुड़े समझौते किए।

## बिहार में लड़की को बैड टच करने वाले का एनकाउंटर

▪ पुलिस ने पैर में गोली मारी, आठ गिरफ्तार

**जमुई**। बिहार के जमुई में नाबालिग छात्रा से बदसलूकी करने वाले मुख्य आरोपी नंदन यादव का पुलिस ने एनकाउंटर किया है। उसने मंगलवार को पुलिस को देखते ही भागने की कोशिश की। इस पर पुलिस ने पैर में गोली मारकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

सूत्रों की माने तो आरोपी उसी मड़वा पहाड़ी के आसपास छिपा हुआ था, जहां दोनों स्टूडेंट घूमने गए थे। पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो में लाल गमछा पहने दिख रहा युवक नंदन है। उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में अब तक 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो आरोपियों की उम्र 35 से 40 साल हैं, जबकि तीन नाबालिग हैं। इसके अलावा वीडियो वायरल करने वाले 3 आरोपी हैं।

ADG लॉ एंड ऑर्डर के सुहिता अनुपम ने बताया, 'नंदन पुलिस से बचकर भागने की कोशिश कर रहा था. इसी दौरान पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई और उसके पैर में गोली लगी। पुलिस ने एक अन्य आरोपी हरेराम को भी गिरफ्तार किया है। वो भी जंगल वाले इलाके में छिपा था।

## यूपी के सीतापुर में पुल डूबाः ओडिशा में तेज बारिश, 4 जिलों में स्कूल बंद

▪ राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू




**नई दिल्ली**। बंगाल की खाड़ी में चक्रवाती सिस्टम बन रहा है, जिसके मंगलवार तक चक्रवाती तूफान बनने की संभावना है। बांग्लादेश ने इसका नाम 'अर्नब' रखा है। इसके चलते ओडिशा के तटीय और दक्षिणी इलाकों में भारी बारिश हो रही है, जिससे खुर्दा, जगतसिंहपुर, गंजाम और गजपति में स्कूल बंद हैं। उत्तर प्रदेश में मानसून कमजोर पड़ रहा है, लेकिन पहाड़ों पर भारी बारिश से कई नदियां उफान पर हैं। सीतापुर में चौका नदी से पुल डूब गया है। स्कूली बच्चे को घुटने तक पानी से गुजरकर स्कूल जाने पर मजबूर हैं।

मौसम विभाग ने 24 सितंबर से मध्य प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश का अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में अब तक मानसून की 91% बारिश हो चुकी है। वहीं, बिहार के पटना समेत 19 जिलों और छत्तीसगढ़ के 7 जिलों में बारिश का अलर्ट है। केरलम में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेज बारिश की आशंका है। राजस्थान से मानसून की विदाई शुरू हो गई है। सोमवार को राज्य में पूरे दिन मौसम साफ रहा। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के ज्यादातर जिलों में अधिकतम तापमान 40°C रहा।

## जिनपिंग 11 साल बाद आज अमेरिका जाएंगे

**वॉशिंगटन डीसी**। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग आज अमेरिका रवाना होंगे। उनकी ये यात्रा 11 साल बाद हो रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जॉइंट बेस एंड्रयूज एयरपोर्ट पर खुद उनका स्वागत करने जाएंगे। किसी विदेशी नेता के स्वागत के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति का सीधे एयरपोर्ट जाना आम नहीं है। इससे पहले अगस्त 2025 में ट्रम्प ने अलास्का में रूसी राष्ट्रपति पुतिन का एयरफील्ड पर स्वागत किया था। इसके बाद व्हाइट हाउस में शी जिनपिंग और उनकी पत्नी पेंग लियुआन के सम्मान में राजकीय भोज होगा। इसके बाद ट्रम्प-जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बातचीत होगी। इसमें व्यापार, टैरिफ, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), ताइवान और रूस से जुड़े मुद्दे शामिल हो सकते हैं।

## नेशनल फिल्म अवॉर्डः कार्तिक-यामी बेस्ट एक्टर-एक्ट्रेस, केजीएफ अभिनेता को दादासाहेब फाल्के

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बोलीं- फेमस स्टार हानिकारक चीजों का प्रचार नहीं करें

**एकता नगर (गुजरात)**। कार्तिक आर्यन को 'चंदू चैंपियन' और ममूटी को 'ब्रह्मयुगम' के लिए 72वें नेशनल फिल्म अवॉर्ड में बेस्ट एक्टर का पुरस्कार दिया गया। यामी गौतम को 'आर्टिकल 370' के लिए बेस्ट एक्ट्रेस चुना गया। सेरेमनी गुजरात के एकता नगर (केवडिया) में मंगलवार को हुई। विजेताओं की घोषणा 18 जुलाई को हुई थी। 'श्रीकांत' को बेस्ट हिंदी फिल्म और 'आर्टिकल 370' को बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड मिला। तमिल स्टार धनुष को दो कैटेगरी में नेशनल अवॉर्ड दिया गया। एक्टर अनंत नाग को भारतीय सिनेमा में योगदान के लिए दादा साहेब फाल्के अवॉर्ड 2024 दिया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा- मैं चाहूंगी कि प्रत्येक ज्यूरी पैनल में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। फिल्म कलाकार बहुत लोकप्रिय होते हैं। मैं ये अनुरोध करना चाहूंगी कि लोकप्रिय कलाकार स्वास्थ्य के लिए हानिकारक पदार्थों का एंडोर्समेंट न करें। स्टार वही है, जो रोशनी फैलाए, अंधेरा नहीं।




## याचिकाकर्ता ने कहा- राष्ट्रगीत में देव-देवताओं का वर्णन, कानून पर कोर्ट ने केंद्र से मांगा जवाब

# धार्मिक कारण से वंदे मातरम नहीं गाना अपराध नहींः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली

वंदे मातरम गीत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा, 'धार्मिक कारणों से राष्ट्रगीत न गाने वाले व्यक्ति को आपराधिक कार्रवाई का सामना नहीं करना चाहिए।' कोर्ट ने इस मामले में केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने यह देखने पर सहमति दी कि वंदे मातरम न गाने को दंडनीय अपराध बनाया जा सकता है या नहीं। कोर्ट ने यह तय करने से इनकार किया कि राष्ट्रगीत केवल दो अंतरों तक सीमित रहेगा या छह अंतरों तक होगा। कानून में वंदे मातरम के गायन को रोकने या गायन में जानबूझकर बाधा डालने को दंडनीय बनाया गया है। यह सुनवाई गायक टीएम कृष्णा की याचिका पर हुई। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अंतिम चार पैरा हिंदू देवताओं के प्रति भक्ति का आह्वान करते हैं। इन पैराग्राफ को गाना अनिवार्य बनाना देश के धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन है।




#### दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो

सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि कोई नागरिक अपने धार्मिक विश्वास या अंतरात्मा की आवाज के कारण वंदे मातरम् गाने से गुरेज करता है, तो उस पर कोई आपराधिक मुकदमा या दंडात्मक कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। बता दें कि कृष्णा ने राष्ट्रीय सम्मान के अपमान की रोकथाम एक्ट, के संशोधन की संवैधानिकता को चुनौती दी है।

#### 'बिजो इमैनुएल बनाम केरल राज्य' केस

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस सवाल की जांच करेगा कि राष्ट्रीय गीत नहीं गाने वाले व्यक्ति को दंडित किया जा सकता है या नहीं? पीठ ने कहा कि 'बिजो इमैनुएल बनाम केरल राज्य' मामले में जो फैसला था, अभी भी लागू है। कोर्ट ने कहा कि इस मामले में कोर्ट स्पष्ट कर चुकी है कि किसीको राष्ट्रगान नहीं गाने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता और यह कानूनी स्थिति आज भी कायम है।

#### कितने पद गाएं, यह सरकार तय करे

सर्वोच्च अदालत ने यह स्पष्ट किया है कि राष्ट्रगान कब और क्या होगा या राष्ट्रीय गीत में कितने पद, दो या छह होने चाहिए, यह तय करना अदालत का काम नहीं है, बल्कि यह लोकतांत्रिक सरकार का विषय है। बता दें, वंदे मातरम को कानून के दायरे में लाने वाला कानून 6 अगस्त को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने बना।

## मुख्यमंत्री आज जैतारण आएंगे, बाइक रैली का करेंगे स्वागत

जूम न्यूज़ • जैतारण



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली जा रही वडनगर से वाराणसी बाइक यात्रा बुधवार को जैतारण पहुंचेगी। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जैतारण में मौजूद रहेंगे।

कार्यक्रम में भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमांग जोशी, प्रदेश महामंत्री अजय कुमार, कैबिनेट मंत्री अविनाश गहलोत, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शंकर गौरा, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष सांड, ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत सहित भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। बाइक रैली जैतारण से बर होते हुए सराधना बाईपास पहुंचेगी। जैतारण नगर पालिका अध्यक्ष भेनाराम गहलोत पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत करेंगे।

## कांग्रेस के लीलाधर चुलेट को 9 वोट से हराया

# चूरू नगर परिषद के उपसभापति बने भाजपा के ओमप्रकाश इंदौरिया



**जूम न्यूज़ • चूरू**

चूरू नगर परिषद में उपसभापति पद के चुनाव में भाजपा के वार्ड 60 के पार्षद ओमप्रकाश इंदौरिया निर्वाचित हुए। उन्होंने कांग्रेस के लीलाधर चुलेट को 9 मतों से पराजित किया। मतदान में ओमप्रकाश इंदौरिया को 34 वोट मिले, जबकि लीलाधर चुलेट के पक्ष में 25 वोट पड़े। कांग्रेस का एक वोट निरस्त हुआ। उपसभापति पद के लिए मंगलवार को दोपहर 2 बजे मतदान शुरू हुआ। मतदान के बाद हुई मतगणना में भाजपा के ओमप्रकाश इंदौरिया को विजयी घोषित किया गया। निर्वाचन परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने मिठाई खिलाकर तथा आतिशबाजी कर खुशी जताई। निर्वाचन अधिकारी श्वेता कोचर एवं एसडीएम धीरज झाझड़िया ने नवनिर्वाचित उपसभापति ओमप्रकाश इंदौरिया को निर्वाचन प्रमाण-पत्र प्रदान किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ओमप्रकाश इंदौरिया को बधाई देते हुए कहा कि नगर परिषद में उपसभापति का चुनाव विकास और जनसेवा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि परिषद के सभी पार्षदों को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर चूरू शहर के विकास के लिए मिलकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि नई टीम शहर की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी ढंग से कार्य करेगी। विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि चूरू के विकास के लिए नगर परिषद और राज्य सरकार के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। उन्होंने परिषद की नई टीम से शहर की मूलभूत सुविधाओं, स्वच्छता, सड़क, नाली एवं अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना है।

**ब्रीफ न्यूज**

## चूरू के 11 निकायों में उपाध्यक्ष पदों का निर्वाचन सम्पन्न

**जूम न्यूज़ • चूरू**

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार मंगलवार को चूरू जिले में नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगर परिषद सुजानगढ़, चूरू एवं सरदारशहर तथा नगरपालिका राजगढ़, रतननगर, छापर, तारानगर, साहवा, रतनगढ़, राजलदेसर एवं बीदासर में उपाध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। संबंधित नगर निकाय कार्यालयों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर परिणाम घोषित किए गए। उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) अर्पिता सोनी ने बताया कि चूरू नगर परिषद में भाजपा के ओमप्रकाश, सुजानगढ़ नगर परिषद में कांग्रेस की सोनिका शर्मा, सरदारशहर नगर परिषद में निर्दलीय अफसाना बानो तथा राजगढ़ नगरपालिका में भाजपा की अफरोज बानो उपाध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित हुईं। इसी प्रकार छापर नगरपालिका में भाजपा की इंद्रा, तारानगर नगरपालिका में भाजपा के जमरदीन, रतनगढ़ नगरपालिका में भाजपा की सरिता तथा राजलदेसर नगरपालिका में निर्दलीय पवन कुमार उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उन्होंने बताया कि बीदासर नगरपालिका में भाजपा के मन्नालाल, साहवा नगरपालिका में कांग्रेस के रोहिताश कुमार तथा रतननगर नगरपालिका में कांग्रेस के मकसूद खान उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए।

## पंचायती राज संस्थाओं के पदों के आरक्षण की लॉटरी आज और कल

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

पंचायती राज आम चुनाव के लिए जयपुर जिले में पंचायती राज संस्थाओं के विभिन्न पदों के आरक्षण एवं श्रेणीवार आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 23 एवं 24 सितम्बर को आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर (पंचायत) जयपुर संदेश नायक ने बताया कि जिला परिषद सदस्यों, जयपुर जिले की समस्त पंचायत समितियों के प्रधान एवं पंचायत समिति सदस्यों के पदों के आरक्षण का निर्धारण एवं श्रेणीवार आवंटन 23 सितम्बर, 2026 को जिला कलेक्टर कार्यालय सभागार, कलेक्ट्रेट जयपुर में प्रातः 10.15 बजे किया जाएगा। इसी प्रकार जयपुर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच एवं वार्ड पंचों के पदों के आरक्षण एवं श्रेणीवार आवंटन की प्रक्रिया 24 सितम्बर, 2026 को संबंधित उपखण्ड अधिकारी मुख्यालय पर आयोजित की जाएगी। जिला कलक्टर (पंचायत) ने सभी संबंधित उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार सरपंच एवं वार्ड पंच के पदों के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाने वाले पदों का निर्धारण सुनिश्चित किया जाए। आरक्षण एवं श्रेणीवार आवंटन की प्रक्रिया निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप पूरी की जाएगी।

## फर्जी RGHS अधिकारी रिश्वत लेते ट्रैपः AI से बनाया फर्जी पहचान पत्र

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

जयपुर में हॉस्पिटल की ऑडिट के नाम पर 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते फर्जी RGHS अधिकारी मनीष कुमार शर्मा को एसीबी ने पकड़ा। आरोपी ने खुद को RGHS अधिकारी बताकर 45 हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। ACB जयपुर नगर-तृतीय की टीम ने ज्योति नगर थाना इलाके के एक हॉस्पिटल में मंगलवार शाम करीब 4 बजे ये कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि संदिग्ध ने एआई की मदद से RGHS के डिस्ट्रिक्ट को-ऑर्डिनेटर के नाम से फर्जी पहचान पत्र और अस्पताल के नाम से फर्जी लेटर तैयार किया था। एसीबी के डीजी गोविंद गुप्ता ने बताया- परिवादी ने अपने एस.के.आई. हॉस्पिटल डीडवाना की ऑडिट करवाने के नाम पर घूस मांगने की शिकायत की थी। जिसमें बताया था कि आरोपी मनीष कुमार शर्मा ने पहले 35 हजार रुपए मांगे। बाद में 45 हजार रुपए मांगने लगा। आरोपी ने खुद को RGHS में UDC के पद पर होना बताया था। इसके लिए अस्पताल मैनेजर को आरोपी ने फर्जी पहचान पत्र और लेटर दिखाए। शिकायत मिलने के बाद ACB ने मामले का सत्यापन कराया और संदिग्ध को परिवादी से 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए डिटेन किया। एसीबी उप महानिरीक्षक द्वितीय जयपुर ओमप्रकाश मीणा ने बताया- संदिग्ध को डिटेन करने के बाद उसके बताए नाम और पदनाम की जांच की गई। प्रारंभिक जांच में नाम और पदनाम भी फर्जी पाए गए। मामले में धोखाधड़ी, फर्जी पहचान से जुड़े तथ्य सामने आने पर ज्योति नगर थाना पुलिस के स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।



# बाडमेर की इंद्रा कॉलोनी में प्राथमिकता से करवाएंगे विकास कार्यः सभापति

**जूम न्यूज़ • बाड़मेर**

**बाड़मेर।** नगर परिषद के सबसे बड़ा अविकसित क्षेत्र इन्द्रा कालोनी क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का समाधान करने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी सरकारी योजनाओं के अनुसार नये सभापति गौतमचंद जैन को प्राथमिकता से जी शेड्यूल के मुताबिक शानदार नयी चमचमाती हुई सड़कों की साफ़ सफाई व्यवस्था और साइफन पद्धति के मुताबिक नालों और नालियों का निर्माण, सफेद दूधिया रौशनी की रोड़ लाइटों के साथ ही मुख्य सड़क से जुड़ी हुई सभी गलीयो के नम्बर सहित बोर्ड, मुख्य सड़क पर शानदार रोशनी के लिए स्ट्रीट लाइट डिजिटल टाइमर घड़ी के साथ ही आटोमेटिक स्वीच डिब्बे और नामपट्ट बोर्ड की सूचना, स्वच्छता अभियान के साथ ही बेहतरीन वार्ड विकास करने के लिए निष्पक्ष और निस्वार्थ भाव से विकास करेंगे।

बाड़मेर जिला मुख्यालय पर जिले के आलाधिकारी इस सड़क पर सुबह-शाम भ्रमण करते हैं, जिला कलेक्टर आवास ओर कलेक्ट्रेट परिसर से लगभग एक डेढ किलोमीटर दूर चारण समाज छात्रावास मे करणी माता मंदिर है,और यही तक गड्ढों में तब्दील जर्जर सड़क शहरी क्षेत्र के इन्द्रा कालोनी, इन्द्रा नगर , हिंगलाज नगर ओर दान जी की होदी वीदासर से करीबन बीस पच्चीस हजार लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता रहता है । और नगर परिषद के पचपन वार्डों में से लगभग दस वार्डों के निवासियों के लिए लाइफलाइन साबित हो रही है। इन्द्रा कालोनी क्षेत्र वर्तमान के पुलिस थानों से दूरी ज्यादा होने के कारण हमारे यहाँ पर नयें पुलिस थाने और चौकी बनाने के साथ ही रात्रि गस्त प्रभावी ढंग से करवाना, बाहरी राज्यों से आकर रहने वाले हजारों किराएदारों का भौतिक सत्यापन करवाकर कालोनी में शान्ति व्यवस्था मजबूत करना चाहते हैं। हमेशा के लिए भूमाफियाओं से मुक्त वार्ड बनाने की छोटी सी कोशिश करेंगे ताकि कोई भी गरीब परिवार का सुख चैन ना छीने।

इन्द्रा कालोनी क्षेत्र में ही नगर परिषद वार्ड कार्यालय वर्तमान के मतदान बूथों के आसपास ही होगें और वही पर सभी सरकारी कार्यालयों के दस्तावेज बनाने के लिए आमजनता को कहीं और भटकना नहीं पड़ेगा सभी कार्य आनलाइन सिस्टम से आपके घर के आसपास ही होगें। इन्द्रा कालोनी क्षेत्र में नयी डिस्पेन्सरी या फिर छोटे से सरकारी अस्पताल का चिकित्सा विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के साथ ही आमजनता के लिए बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं को उपलब्ध कराएंगे। दानजी की होदी क्षेत्र में जिला कोराना वैक्सीन सेन्टर क्षेत्र के लोगों के लिए बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं के लिए शुरू करवाया जाएगा इससे हजारों लोगों को लाभ मिलेगा। क्षेत्र में सबसे बडी समस्याओ मे बिजली - पानी, और शहर में आने जाने के लिए सस्ती दर पर मुख्य सड़कों से जोड़ कर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए टेम्पो टेक्सी स्टेण्ड, जैसलमेर रोड़ होकर रोटेशन द्वारा शानदार परिवहन सेवाओं की शुरुआत होना चाहिए। बाड़मेर विधायक डाक्टर प्रियंका चौधरी द्वारा विधायक कोष से क्षेत्र के श्मशान घाटो, विधालयों, और वाचनालयो की स्वीकृति दिलाकर आमजनता को विकास की गगां बहाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगे।

## भीनमाल पालिका उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की मफी देवी विजयी

### मफी देवी को मिले 24 वोट, कांग्रेस के दिनेश परमार को 11 मत

**जूम न्यूज़ • भीनमाल**

भीनमाल नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मफी देवी पत्नी लालाराम ने 24 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश परमार को 11, निर्दलीय प्रत्याशी महादेवाराम घांची को 3 तथा सुरेंद्रपाल सिंह को 2 वोट मिले।

मंगलवार को भाजपा के मनोज गुप्ता पालिकाध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। इसके अगले दिन मंगलवार को उपाध्यक्ष पद के चुनाव में भी भाजपा प्रत्याशी मफी देवी ने जीत दर्ज की। इसके साथ ही भीनमाल नगर पालिका में भाजपा का बोर्ड बनने के बाद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों पद भाजपा के खाते में आ गए। नगर निकाय चुनाव में भाजपा ने 19 वार्डों, कांग्रेस ने 8 वार्डों और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 13 वार्डों में जीत दर्ज की थी। उपाध्यक्ष चुनाव के परिणाम के बाद नगर पालिका में भाजपा की स्थिति और स्पष्ट हो गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने माफी देवी को उपाध्यक्ष निर्वाचित होने पर बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यकर्ताओं की मेहनत और पार्षदों के विश्वास की जीत है। उन्होंने कहा कि भाजपा नगर के विकास और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए काम करेगी। भाजपा जिला मंत्री महेन्द्र सोलंकी ने माफी देवी को जीत की बधाई देते हुए कहा कि नगर पालिका में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर भाजपा की जीत से विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं और पार्षदों का आभार जताया।

## नरेश मीणा को हाईकोर्ट से मिली जमानत

**जयपुर।** SDM को थप्पड़ मारने के मामले में नरेश मीणा को मंगलवार को एक बार फिर हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। इससे पहले SC-ST कोर्ट ने जमानत की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए उनकी बेल रद्द कर दी थी। अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद उन्हें राहत मिली है। जस्टिस अनिल उपमन की अदालत ने नरेश मीणा को सशर्त जमानत दी है। कोर्ट ने कहा- नरेश मीणा जमानत के समय में संबंधित थाने में हर महीने के पहले सप्ताह में अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगा। जमानत के दौरान किसी अन्य अपराध में शामिल नहीं होगा, इसके साथ ही जमानत पर रिहा होने के बाद समाज में अपनी छवि का महिमामंडन नहीं करेगा। बता दें कि एसडीएम को थप्पड़ मारने के मामले में हाईकोर्ट से नरेश मीणा को पहले जमानत मिली थी। लेकिन टोंक जिले के एससी-एसटी कोर्ट ने जमानत की शर्तों का उल्लंघन करने पर नरेश मीणा की जमानत को खारिज कर दिया था।

## SDM कोर्ट के सामने अधिवक्ता ने आत्मदाह का प्रयास किया, रीडर भोजक को लेकर फिर विवाद

**जूम न्यूज़ • सरदारशहर**



उपखंड कार्यालय सरदारशहर में रीडर संदीप भोजक को लेकर चल रहा विवाद मंगलवार को फिर गरमा गया। करीब 11 बजे SDM कोर्ट के सामने अधिवक्ता दलीप सिंह पंवार ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। घटना के बाद कार्यालय परिसर में हड़कंप मच गया और बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौके पर एकत्र हो गए। गौरतलब है कि रीडर संदीप भोजक को हटाने की मांग को लेकर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने पहले 11 दिनों तक अनिश्चितकालीन धरना दिया था। इस दौरान SDM कार्यालय का घेराव भी किया गया था। आंदोलन के बाद संदीप भोजक का APO किया जा चुका था।

बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह राजपुरोहित ने पुराने SDM की कोर्ट और कथित बैक डेट के आदेशों को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ फाइलों में बैक डेट में आदेश किए जाने की बातें सामने आई थीं। साथ ही उन्होंने भ्रष्टाचार और अधिवक्ताओं के साथ कथित अभद्र व्यवहार के आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। राजपुरोहित के अनुसार, अधिवक्ताओं ने SDM महिपाल सिंह राजावत से संदीप भोजक को तत्काल कार्यालय से रवाना करने और पूरे मामले की जांच कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं को SDM से निष्पक्ष जांच की उम्मीद है। मंगलवार की घटना के बाद रीडर भोजक और SDM कोर्ट की कार्यप्रणाली को लेकर पुराना विवाद एक बार फिर चर्चा में आ गया है।

## 149 अंक आएः दूसरे ने 20 लाख देकर हासिल किए 154 नंबर

# SI-भर्ती परीक्षा का 7 लाख में खरीदा पेपर, दो और अभ्यर्थी गिरफ्तार

**जूम न्यूज़ • जयपुर**

**जयपुर।** राजस्थान एसआई भर्ती परीक्षा-2021 पेपर लीक मामले में SOG ने दो और अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया कि दोनों आरोपियों ने पेपर लीक गिरोह से परीक्षा से पहले सॉल्व पेपर पढ़कर लिखित परीक्षा दी थी। एक आरोपी ने पेपर के लिए 7 लाख रुपए में सौदा किया था, जबकि दूसरे आरोपी के लिए पेपर 20 लाख रुपए में उपलब्ध कराने की बात सामने आई है। दोनों ने लिखित परीक्षा पास कर ली थी, हालांकि अलग-अलग कारणों से उनका अंतिम चयन नहीं हो सका। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नरेंद्र प्रताप सिंह, (28) निवासी डूंगरीकलां, थाना रेनवाल, जयपुर ग्रामीण और अनिल विश्नोई, (25) निवासी धर्मपुरी की ढाणी, भगतासनी, थाना लूणी, जोधपुर के रूप में हुई है।



एडीजी एसओजी विशाल बंसल ने बताया कि आरोपी नरेंद्र प्रताप सिंह, निवासी डूंगरीकलां, थाना रेनवाल, जयपुर ग्रामीण ने अपने गांव के पेपर लीक सरगना विनोद कुमार जाट उर्फ विनोद रेवाड़ से 7 लाख रुपए में सौदा किया था। आरोप है कि विनोद के हैंडलर से परीक्षा से पहले लीक सॉल्व पेपर पढ़कर नरेंद्र ने परीक्षा दी। हिंदी विषय में नरेंद्र को 200 में से 149.09 अंक और सामान्य ज्ञान में 124.71 अंक मिले। वह लिखित परीक्षा में अवैध तरीके से पास हुआ, लेकिन मेरिट कम रहने के कारण SI पद पर अंतिम रूप से चयनित नहीं हो सका।

एडीजी एसओजी ने बताया कि दूसरे आरोपी अनिल विश्नोई, निवासी धर्मपुरी की ढाणी, भगतासनी, जोधपुर के संबंध में जांच में सामने आया कि उसने अपने भाई तेजाराम विश्नोई और पेपर लीक गिरोह के सदस्य शैतानाराम विश्नोई के जरिए 20 लाख रुपए में परीक्षा से पहले लीक सॉल्व पेपर पढ़ा था। जांच के अनुसार, शैतानाराम और गणपतलाल विश्नोई ने पेपर लीक सरगना भूपेंद्र सारण के हैंडलर के जरिए सॉल्व पेपर उपलब्ध कराया था। अनिल ने पेपर पढ़कर परीक्षा दी और हिंदी में 154.69 तथा सामान्य ज्ञान में 157.38 अंक हासिल किए। हालांकि, वह शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल रहा और SI पद पर अंतिम चयन से वंचित रह गया।

### पहले भी गिरफ्तार हो चुके हैं कई आरोपी

SOG के अनुसार, पेपर लीक मामले में आरोपी विनोद कुमार जाट उर्फ विनोद रेवाड़ को 28 अगस्त 2025 को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आरोप-पत्र पेश किया जा चुका है। वहीं भूपेंद्र सारण को 16 मार्च 2024 और शैतानाराम विश्नोई को 22 अगस्त 2024 को गिरफ्तार किया जा चुका है। तेजाराम विश्नोई और गणपतलाल फरार बताए गए हैं। कार्रवाई SOG के DIG भुवन भूषण यादव और पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया के नेतृत्व में जांच अधिकारी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीणा की टीम ने की।

## पत्थर की खदान में जेसीबी मशीन गिरी, ऑपरेटर की मौत

### अवैध खनन को लेकर उठे सवाल

**जूम न्यूज़ • जयपुर**



पत्थर की खदान में जेसीबी मशीन गहरी खाई में गिरने से उस पर सवार मशीन ऑपरेटर की मौत हो गई। हादसा दौलतपुरा थाना इलाके के खोरा श्यामदास में सोमवार शाम 6 बजे का है। थानाधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जगदंबा क्रेशर की खदान में एलएनटी/पोकलेन मशीन से काम चल रहा था। इस दौरान मशीन अचानक फिसल गई और खदान में जाकर गिर गई। मशीन चला रहे चेतलाल पंडित (30) भी नीचे गिरे और मौत हो गई। मृतक झारखंड के हजारीबाग जिले के काल्हाबाद का रहने वाला था।

जानकारी अनुसार- मृतक पिछले करीब 8 से 10 सालों से पोकलेन मशीन चलाने का काम कर रहा था। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कांवटिया हॉस्पिटल की मॉच्यूरी में रखवाया गया। मृतक के परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा और आगे की कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद क्षेत्र में चल रही पत्थर की खदानों में अवैध खनन को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि खोरा श्यामदास क्षेत्र में नियमों को दरकिनार कर पत्थर की खुदाई की जा रही थी। वहीं टोडी क्षेत्र की पत्थर की खदानों में भी अवैध खनन किए जाने के आरोप सामने आते रहे हैं। स्थानीय स्तर पर खनन विभाग की निगरानी और कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि अवैध खनन की शिकायतों के बावजूद विभाग की कार्रवाई कई बार महज औपचारिकता तक सीमित रह जाती है। हालांकि, खोरा श्यामदास की संबंधित खदान में खनन की वैधता, अनुमति और सुरक्षा मानकों को लेकर स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। हादसे के वास्तविक कारण और खदान में नियमों के पालन की स्थिति की जांच संबंधित विभाग द्वारा किया जाना बाकी है।

# देवझूलनी ग्यारस पर ठाकुरजी महाराज को कराया सरोवर स्नान




जूम न्यूज • आनंदपुर कालू

देवझुलनी ग्यारस के अवसर पर कस्बे में श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण मन्दिर श्रीराम मन्दिर लक्ष्मीजी मन्दिर ठाकुर जी मन्दिर श्रीयादे मन्दिर सहित ग्यारह मन्दिरो से श्रद्धालु ठाकुरजी महाराज के देवविमान को सजा-धजाकर शोभायात्रा के रूप में सरोवर तक लेकर पहुंचे। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद ठाकुरजी महाराज को झुलाया गया तथा सरोवर में स्नान कराया गया एव प्रसाद चढाया गया इस अवसर पर कैलाश चन्द सारस्वत मनोज टेलर रजनीश ओझा सुभाष पाराशर कैलाश चन्द बाहेती सावर दास वैष्णव सुनिल सैन धनश्याम राजपुरोहित नारायण ओझा चन्द्रप्रकाश सोनी ललित जैन महावीर दास वैष्णव लोकेश टेलर विनोद शर्मा गोपाल सिह धनश्याम सोनी प्रकाश सैन सहित सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए और सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। सजे-धजे देवविमानों के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। धार्मिक आयोजन के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।

ब्रीफ न्यूज

## गणेश महोत्सव के उपलक्ष्य में 23 सितंबर को होगी विशाल भजन संध्या



जूम न्यूज • जोधपुर

**जोधपुर**। गणेश महोत्सव के पावन अवसर पर 23 सितंबर को शाम 7 बजे से चौपासनी हाउसिंग बोर्ड स्थित सेक्टर 19E, लाल सिंह कॉलोनी में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। इस अवसर पर मौली वाले गणेश जी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कानून मंत्री जोगाराम पटेल, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी, शहर विधायक अतुल भंसाली, भाजपा जोधपुर शहर जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल, पूर्व जेडीए चेयरमैन महेंद्र सिंह राठौड़, पूर्व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, राज्य मंत्री जसवंत सिंह विश्नोई, पूर्व महापौर घनश्याम ओझा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहेंगे। आयोजक घनश्याम वैष्णव ने बताया कि गणेश महोत्सव के इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्रवासियों एवं श्रद्धालुओं को सादर आमंत्रित किया गया है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मौली वाले गणेश जी के दर्शन एवं भजन संध्या का लाभ लेने का आग्रह किया।

## जैतारण में 12 से 17 अक्टूबर तक भागवत कथा का आयोजन होगा

जूम न्यूज • जैतारण

शहर के मालियों की बगीची में संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा एवं नानी बाई का मायरा का भव्य आयोजन 12 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक आयोजित होगा भागवत कथा दोपहर 1:00 बजे से 5: बजे तक निमाज रामद्वारे के संत सोहन राम जी महाराज के मुखारविंद से स्वर्गीय ताराचंद जी नथमल जी मेंना देवी एवं मुन्नी देवी अरोड़ा की स्मृति में आर आई रेवेन्यू अधिकारी जिला कलेक्टर कार्यालय ब्यावर प्रेम प्रकाश अरोड़ा इंदर चंद अरोड़ा तेजल कृष्ण काव्य एवं कुशाग्र अरोड़ा की देखरेख में यह भव्य ऐतिहासिक भागवत कथा का आयोजन होगा एवं रात्रि में 8:00 से 10:00 तक 13 अक्टूबर से 18 अक्टूबर तक नानी बाई का मायरा मूथराम जी राम स्नेही निमाज के मुखारविंद से आयोजित होगा इसके लिए व्यापक स्तर पर तैयारी की जा रही है यह जानकारी आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा दी गई।

## मानसिक विमंदित गृह व बाल बसेरा चाइल्ड केयर होम का औचक निरीक्षण

जूम न्यूज • जोधपुर

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के एक्शन प्लान में प्रदत्त निर्देशों की पालना में व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (जिला एवं सेशन न्यायाधीश), जोधपुर महानगर श्री दिनेष त्यागी के निर्देशानुसार मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जोधपुर महानगर के सचिव श्री राकेश रामावत द्वारा सिद्धार्थ बाल निकेतन मानसिक विमंदित गृह व मदर टेरेसा मानसिक विमंदित गृह, जोधपुर, बाल बसेरा चाईल्ड केयर होम तथा बचपन चिल्ड्रन केयर होम, जोधपुर का औचक मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गृह में निवासरत बालक-बालिकाओं एवं विमंदित बच्चों से वार्तालाप कर उनके भोजन, चिकित्सा सुविधा, रहन-सहन व अन्य मूलभूत सुविधाओं की जांच पड़ताल कर आवश्यक निर्देश प्रदान किये।

# 29-29 मत पर अटकी उप महापौर की बाजी, लॉटरी से मेहबूब विजयी

### पाली नगर परिषद: 65 में से 60 पार्षदों ने किया मतदान, एक नोटा और एक मत खारिज; लॉटरी में मेहबूब के नाम खुली पर्ची

जूम न्यूज • पाली

नगर निगम आम चुनाव 2026 के तहत मंगलवार को उप महापौर पद के लिए हुए चुनाव में मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। मतदान के बाद दोनों प्रत्याशियों को समान 29-29 मत मिलने से परिणाम बराबरी पर अटक गया। इसके बाद निर्वाचन नियमों के तहत दोनों प्रत्याशियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। लॉटरी में मेहबूब के नाम की पर्ची निकलने पर उन्हें उप महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

रिटर्निंग अधिकारी नगर निगम शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि उप महापौर पद के लिए कुल छह जनों को आठ नामांकन पत्र वितरित किए गए थे। इनमें मेहबूब, विक्रमपाल सिंह एवं रईस अली ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। नामांकन प्रक्रिया के बाद रईस अली ने अपना नाम निर्देशन पत्र वापस ले लिया। इसके बाद उप महापौर पद के लिए मेहबूब और विक्रमपाल सिंह के बीच सीधा मुकाबला रह गया।



#### दोनों को मिले 29-29 मत, लॉटरी से फैसला

मतगणना के दौरान मेहबूब और विक्रमपाल सिंह दोनों को 29-29 मत प्राप्त हुए। दोनों प्रत्याशियों के मत बराबर होने के कारण परिणाम पर स्थिति स्पष्ट नहीं हो सकी। ऐसी परिस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया के तहत दोनों प्रत्याशियों की उपस्थिति में पारदर्शिता के साथ लॉटरी प्रक्रिया अपनाई गई। लॉटरी में मेहबूब के नाम की पर्ची खुली। इसके बाद उन्हें उप महापौर पद के लिए निर्वाचित घोषित किया गया।

#### 60 पार्षदों ने की वोटिंग

सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपखंड अधिकारी पाली विमलेन्द्र सिंह राणावत ने बताया कि उप महापौर पद के चुनाव में नगर निगम के कुल 65 पार्षदों में से 60 पार्षदों ने मतदान किया। मतदान के दौरान एक मत नोटा के पक्ष में रहा, जबकि एक मत खारिज हो गया। इस प्रकार कुल 58 वैध मतों की गणना की गई।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विशेषाधिकारी निर्वाचन पाली चौधरी बिरजू गोपाल, उप पंजीयक प्रथम शिवजीराम बावरी, तहसीलदार सुनील कुमार, तहसीलदार निर्वाचन नेहा चौधरी, सुरेश कुमार व्यास, मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार, अभिषेक चतुर्वेदी, गजेन्द्र दवे, तुलसीराम चौहान, ताराचंद सेजू, युजवेन्द्र खेमलानी, रामलाल मानपुरा सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## 70वीं जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में फलौदी का विजय अभियान जारी



जूम न्यूज • फलौदी

में चल रही 70वी जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में मेजबान फलोदी का विजय अभियान जारी है ।प्रधानाचार्य एवं संयोजक मनमोहन पुरोहित ने बताया कि 17 वर्षीय छात्र शतरंज प्रतियोगिता में टेडी किड्स विद्यालय के राहुल जोशी प्रथम और जांबा की ढाणी विद्यालय के प्रशांत दूसरे स्थान पर रहे। 17 वर्षीय छात्रा आयु ग्रुप में टेडी किड्स विद्यालय की कनिका प्रथम और मॉडल विद्यालय फलोदी की सोनाली दूसरे स्थान पर रही। शतरंज के 19 वर्ष छात्र आयु वर्ग में ड्यून्स स्कूल आऊ का मुमुक्षु जैन प्रथम और मॉडल विद्यालय बाप का गणेश राठी दूसरे स्थान पर रहा। 19 वर्षीय छात्रा आयु ग्रुप में सरस्वती विद्यालय फलोदी की यागीनी पालीवाल प्रथम और मॉडल विद्यालय फलोदी की निकिता दूसरे स्थान पर रही वही क्रिकेट के 17 वर्षीय छात्र आयु वर्ग में महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल अमला ने टेडी किड्स फलोदी को , मेजबान फलोदी ने अमला को , ऋषिकुल विद्यालय लोडिया ने लालचंद स्कूल को वहीं सरस्वती विद्यालय फलोदी ने कलरा को, कुम्हारो की ढाणी चाडी में रावरा को हराया। क्रिकेट के 19 वर्ष आयु ग्रुप में आज के मैच में मेजबान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फलोदी ने सरस्वती विद्यालय फलोदी को बाप ने नूर की भुरज को, कान सिंह की सीड ने नेवा की ढाणी को हराया। हार्डिंग बन कर दो

## जिला परिषद सदस्यों, प्रधान, पंस सदस्यों के आरक्षण/लॉटरी 23 को

जूम न्यूज • जोधपुर

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग राजस्थान, जयपुर के लिए निर्देशानुसार जोधपुर जिले के जिला परिषद सदस्यों, समस्त पंचायत समिति प्रधान एवं समस्त 23 पंचायत समिति के सदस्यों के आरक्षण/लॉटरी का कार्यक्रम ऑडिटोरियम, मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में बुधवार, 23 सितंबर, 2026 को निर्धारित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी (जिला कलक्टर) जोधपुर श्री आलोक रंजन ने बताया कि 23 सितंबर को मारवाड़ इंटरनेशनल सेन्टर में जिला परिषद सदस्य के लिए प्रातः 10 बजे से प्रातः 11.30 बजे तक, पंचायत समिति प्रधान के लिए दोपहर 11.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक, पंचायत समिति सदस्य के लिए दोपहर 1.30 बजे से आरक्षण/लॉटरी प्रक्रिया आयोजित होगी।

## पीपाड़ पालिका में भाजपा की पुष्पा तिवाड़ी निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित

जूम न्यूज • पीपाड़ शहर

नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर मंगलवार को चल रही निर्वाचन प्रक्रिया में उस समय बड़ा सियासी घटनाक्रम सामने आया, जब कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी बक्साराम कड़ेला ने अपना नामांकन वापस ले लिया। नामांकन वापसी के बाद उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी पुष्पा तिवाड़ी ही एकमात्र उम्मीदवार मैदान में रह गईं।निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नाम वापसी का निर्धारित समय समाप्त होने के बाद चुनाव अधिकारी नेमाराम रॉयल ने पुष्पा तिवाड़ी को नगर पालिका उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। इसके साथ ही पीपाड़ नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद का चुनाव बिना मतदान के ही संपन्न हो गया।



गौरतलब है कि उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा की ओर से पुष्पा तिवाड़ी तथा कांग्रेस की ओर से बक्साराम कड़ेला ने नामांकन दाखिल किया था। दोनों प्रत्याशियों के बीच मुकाबले की स्थिति बन रही थी, लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी द्वारा नामांकन वापस लिए जाने के बाद चुनाव की तस्वीर पूरी तरह बदल गई।पुष्पा तिवाड़ी के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा के साथ ही भाजपा खेमे में खुशी का माहौल देखने को मिला। वहीं, कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन वापस लेने के बाद नगर पालिका की राजनीति में एक बार फिर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है।इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष पद के चुनाव में भी पीपाड़ शहर में सियासी उलटफेर देखने को मिला था।

### गणेश महोत्सव में पिलो पासिंग प्रतियोगिता

# 'लड़की ब्यूटीफुल कर गई चुल' गीतों की धुन पर जमाया रंग

जूम न्यूज • ikyh

**पाली**। एस.पी.एन. गणपति नवयुवक मंडल की ओर से सरदार पटेल नगर में आयोजित गणेश चतुर्थी महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव में प्रतिदिन गणपति भगवान की महाआरती के साथ विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें क्षेत्रवासियों के साथ महिलाएं, युवतियां एवं बच्चे उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं।

नवयुवक मंडल के विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि गणेश महोत्सव के तहत प्रतिदिन श्रद्धालुओं की सहभागिता से धार्मिक कार्यक्रमों के साथ मनोरंजक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में महिला वर्ग के लिए पिलो पासिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं एवं युवतियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता में फिल्मी एवं राजस्थानी गीतों की मधुर धुनों पर प्रतिभागियों ने मनोरंजन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। 'लड़की ब्यूटीफुल कर गई चुल', 'कजरारे-कजरारे' तथा 'रोणा शेर म्हारे' जैसे गीतों की धुन पर प्रतियोगिता का माहौल खासा उत्साहपूर्ण नजर आया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अंत में खुश्बू शर्मा ने प्रथम, किरण कंवर राजपुरोहित ने द्वितीय तथा खुश्बू राजपुरोहित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं का उपस्थितजनों ने उत्साहवर्धन करते हुए अभिनंदन किया।

#### इनकी रही सहभागिता

गणेश महोत्सव एवं प्रतियोगिता को सफल बनाने में अनिल शर्मा, अशोक कुमार टेलर, अविनाश दवे, पूरण लश्करी, नानूराम पारीख, विनोद बाबानी, भुवनेश दवे, प्रताप सिंह राणावत, अनमोल शर्मा, सुरेश राजपुरोहित, अंशुल शर्मा, राम अवतार टेलर, महेन्द्र सिंह राजपुरोहित, महेन्द्र लखेरा, प्रिंस बारूपाल, जितेंद्र शर्मा, मेहुल पारीख, निहाल टेलर, किशन अग्रवाल, बबली शर्मा, प्रेरणा बाबानी, तनुश्री, निषिता बाबानी एवं रणवीर सिंह परिहार सहित मंडल के सदस्यों एवं क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा।



# झलझूलनी एकादशी पर ठाकुर जी ने किया नौका विहारः हाड़ोता में जयकारों से गूंजा माहौल, श्रद्धालुओं ने की पूजा-अर्चना





**जूम न्यूज़ • गोविंदगढ़ (जयपुर)**

हाड़ोता गांव में मंगलवार को झलझूलनी एकादशी का पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर ठाकुर जी महाराज को सजाकर मंदिर से भव्य यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। ठाकुर जी महाराज को विशेष रूप से सजाकर मंदिर परिसर से तलाई तक ले जाया गया। यहां ठाकुर जी महाराज को नौका विहार करवाया गया।

इस धार्मिक कार्यक्रम को देखने के लिए गांव के लोग बड़ी संख्या में तलाई पर पहुंचे। श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी महाराज के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। यात्रा के दौरान डीजे की धुन पर श्रद्धालु भक्ति में झूम उठे। महिलाएं और पुरुष श्रद्धालु 'हरे कृष्ण, हरे रामा' का संकीर्तन करते हुए चल रहे थे। इस दौरान श्रद्धालुओं ने ठाकुर जी महाराज के जयकारे लगाए, जिससे पूरा माहौल भक्तिमय हो गया।

तलाई पर नौका विहार के बाद ग्रामीणों ने ठाकुर जी महाराज की परिक्रमा की और आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने भी इस धार्मिक आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूजा-अर्चना की। इस आयोजन के दौरान गांव के खास लोगों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। झलझूलनी एकादशी के इस धार्मिक आयोजन को लेकर ग्रामीणों में काफी उत्साह दिखा। श्रद्धालुओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा और धार्मिक माहौल मजबूत होता है। देर शाम तक चले कार्यक्रम में भजन, संकीर्तन और जयकारों से हाड़ोता का माहौल भक्तिमय बना रहा।

## ब्रीफ न्यूज

### सेवा कार्यों के जरिए अलग पहचान बना रहे शंकर सिंह, पर्यावरण संरक्षण से लेकर जरूरतमंदों की मदद तक सक्रिय

**जूम न्यूज़ • जालोर**

सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में लगातार सक्रिय रहने वाले शंकरसिंह राजपुरोहितभागली सिंधलान अनेक क्षेत्र में विभिन्न सेवा



गतिविधियों के जरिए अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। राजस्थान सरकार के पर्यावरण ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्यरत शंकर सिंह लंबे समय से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा से भी जुड़े हुए हैं। शंकर सिंह द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपने फार्म हाउस सहित अन्य स्थानों पर बड़े स्तर पर वृक्षारोपण किए गए हैं। पौधों के संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने की दिशा में भी वे लगातार प्रयासरत हैं। पर्यावरण संरक्षण को लेकर किए गए इन कार्यों के चलते क्षेत्र में उनकी गतिविधियां चर्चा का विषय बनी हुई हैं।

वहीं रक्तदान एवं रक्तदान जागरूकता, गौसेवा और जरूरतमंदों की सहायता के कार्यों में भी शंकर सिंह सक्रिय रहते हैं। बुजुर्ग महिलाओं, असहाय लोगों और जरूरतमंद परिवारों की सहायता के लिए वे तत्पर रहते हैं। समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सहायता पहुंचाने को लेकर भी वे लगातार प्रयास करते हैं। क्षेत्र में किसी जरूरतमंद को सहयोग की आवश्यकता होने पर शंकर सिंह यथासंभव मदद के लिए आगे आते हैं। उनका प्रयास रहता है कि जरूरतमंद व्यक्ति को समय पर सहयोग मिल सके। इसी सेवाभाव के कारण स्थानीय स्तर पर विभिन्न वर्गों के लोग उनके कार्यों की सराहना करते हैं। पर्यावरण संरक्षण से लेकर मानव सेवा और गौसेवा तक अलग-अलग क्षेत्रों में सक्रियता के कारण शंकर सिंह की सामाजिक गतिविधियों का दायरा लगातार बढ़ रहा है। उनका कहना है कि सेवा कार्य किसी एक व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति का दायित्व है। पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंदों की सहायता के लिए लोगों को आगे आना चाहिए।

### नागौरः निर्दलीय कुरैशी बने उप सभापतिः भाजपा के शिव कुमार को 5 वोटों से हराया

**जूम न्यूज़ • नागौर**

नागौर नगर परिषद के उपसभापति चुनाव में भाजपा के शिवकुमार राव को निर्दलीय मोहम्मद शरीफ कुरैशी ने 5 वोटों से हराया है। नामांकन दाखिल करने वाले निर्दलीय प्रत्याशी घेवरचंद ने अपना नाम वापस ले



लिया है। इसके बाद इन दोनों के बीच मुकाबला था। नागौर नगर परिषद में बीजेपी की संतोष टाक सभापति चुनी गई थीं। अब सभापति के चुनाव के बाद आज उपसभापति पद के लिए निर्वाचन होगा। इसे लेकर नगर परिषद में राजनीतिक गतिविधियां तेज हैं। जिले में कुल 9 नगर निकाय हैं। इनमें नागौर नगर परिषद में बीजेपी का बोर्ड बना है। नगर पालिकाओं में मेड़ता सिटी, मेड़ता रोड और डेगाना में बीजेपी का बोर्ड बना है। वहीं जायल, बासनी और कुचेरा में कांग्रेस का बोर्ड है। इसके अलावा मुंडवा में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और रियाबड़ी में निर्दलीय ने बोर्ड बनाया है।

# शौर्य दिवस के रूप में मनाएंगे मेजर दलपत सिंह का 108वां बलिदान दिवस

## हाइफा चौक पर पूर्व संध्या पर शहादत को किया नमन, आज पुष्पांजलि व विशाल विचारगोष्ठी का आयोजन

**जूम न्यूज़ • पाली**

जिला रावणा राजपूत समाज की ओर से बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर स्थित हाइफा चौक पर हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली का 108वां बलिदान दिवस शौर्य दिवस के रूप में श्रद्धा एवं गौरव के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर समाजबंधुओं की ओर से मेजर साहब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी वीरता और शहादत को नमन किया जाएगा। मीडिया प्रभारी विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि शौर्य दिवस की पूर्व संध्या पर हाइफा चौक पर हाइफा हीरो मेजर दलपत सिंह देवली की शहादत को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस दौरान समाजबंधुओं ने उनकी वीरता को याद करते हुए देश के लिए दिए गए उनके सर्वोच्च



बलिदान को श्रद्धा से स्मरण किया।

उन्होंने बताया कि बुधवार को बलिदान दिवस के अवसर पर हाइफा चौक पर कार्यक्रम की शुरुआत मेजर दलपत सिंह देवली की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ होगी। इसके बाद विशाल विचारगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसमें वक्ताओं की ओर से मेजर साहब के अदम्य साहस, वीरता और शौर्य गाथा पर प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही युवाओं को उनके जीवन एवं देशभक्ति से प्रेरणा लेने का आह्वान किया जाएगा। समाजबंधुओं ने लिया कार्यक्रम में सहभागिता का संकल्प -शौर्य दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों एवं विभिन्न इकाइयों के अध्यक्षों ने भाग लेकर मेजर दलपत सिंह देवली की शहादत को नमन किया। समाज पदाधिकारियों ने कहा कि मेजर दलपत सिंह देवली की वीरता और बलिदान समाज ही नहीं, बल्कि देश की युवा पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा का स्रोत है। उनके शौर्य और देशभक्ति की गाथा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस दौरान मुख्य संरक्षक मूल सिंह भाटी, जिलाध्यक्ष प्रमेन्द्र सिंह परिहार, शहर अध्यक्ष एडवोकेट विक्रम सिंह भैसाणा, पूर्व शहर अध्यक्ष रतन सिंह झाला, केशर सिंह मांगलिया, संतु सिंह सोलंकी, बाबू सिंह परिहार, ओम सिंह सोढ़ा, राजू सिंह काणतरा सहित विभिन्न इकाइयों के अध्यक्ष एवं समाजबंधु मौजूद रहे।

# देव जलझूलनी एकादशी पर निकली रेवाड़ी



**जूम न्यूज़ • पीपाड़ सिटी**

शहर में देव जलझूलनी एकादशी पर मंगलवार को दिनभर धार्मिक आयोजन के साथ ही शहर में शाम ठाकुरजी की रेवाड़ीया निकली इस दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी वही शहर में देव जलझूलनी एकादशी पर शहर के कृष्ण मंदिरों से रेवड़ियों में भगवान ठाकुरजी को विराजित कर गाजे बाजे के साथ ठाकुर जी की सवारी रेवड़ियां जुलुस के साथ निकाली गई।

लक्ष्मीनाथ मंदिर के ओम पुजारी ने बताया कि शहर के कोट गेट से शाम के समय सामूहिक रूप से ठाकुरजी की सवारी रेवड़ियां गाजे बाजे से रवाना होकर चोपाटा बाजार ,जैन दादाबाड़ी लखारा बाजार, मोचीवाड़ा ,सुभाष घाट होते हुए सापासर तालाब पहूची जहा पर लक्ष्मीनाथ मंदिर के पंडित ओम पुजारी व पंडित चेतन दाधीच के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक व सामूहिक आरती हुई।पश्चात ठाकुरजी के जयकारो के साथ सभी रेवाड़ीया पुनः अपने नियत स्थान के लिए रवाना हुई उधर ठाकुरजी की सवारी रेवड़ियां के दर्शनों के लिए मुख्य बाजार में दुकानों व घरों की छतों पर महिला श्रद्धालुओं की भारी उमड़ पड़ी ।इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए माकूल पुलिस जाप्ता भी तेनात रहा।नगरपालिका प्रशासन द्वारा विशेष साफ सफाई करवाई।

# फलौदीः भाजपा के महेंद्र बने नगर परिषद के उपसभापति



**जूम न्यूज़ • फलौदी**

नगर परिषद फलोदी के सभापति चुनाव के बाद आज उपसभापति पद को लेकर चुनाव सम्पन्न हुआ। उपसभापति पद के लिए हुए मुकाबले में वार्ड संख्या 19 से नवनिर्वाचित पार्षद एवं भाजपा प्रत्याशी महेंद्र ने जीत दर्ज करते हुए उपसभापति पद अपने नाम किया।

वहीं वार्ड संख्या 13 से नवनिर्वाचित पार्षद एवं कांग्रेस प्रत्याशी रमेश चुनाव मैदान में थे। चुनाव में भाजपा के महेंद्र को 25 मत प्राप्त हुए, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी रमेश को 14 मत मिले। इस तरह महेंद्र ने 9 मतों के अंतर से जीत हासिल कर नगर परिषद फलोदी के उपसभापति पद पर आसीन हुए। उपसभापति चुनाव में भाजपा प्रत्याशी महेंद्र को पार्टी के पार्षदों का समर्थन मिला। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी रमेश को 14 मत प्राप्त हुए। मतगणना के बाद महेंद्र की जीत की घोषणा होते ही भाजपा समर्थकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उपसभापति निर्वाचित होने के बाद महेंद्र को भाजपा कार्यकर्ताओं, समर्थकों एवं शहरवासियों ने बधाई दी। सभापति पद पर भाजपा के मेघराज कल्ला के निर्वाचित होने के बाद अब उपसभापति पद पर भी भाजपा प्रत्याशी की जीत से नगर परिषद के नए बोर्ड में भाजपा का नेतृत्व स्थापित हुआ है।

# आज जोधपुर की सभी पंचायत समितियों में लगेंगे विशेष शिविर

**जूम न्यूज़ • जोधपुर**

जिले में जनसेवा, सुशासन तथा जनकल्याणकारी योजनाओं की पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर श्री आलोक रंजन के निर्देशन में 19 से 25 सितंबर, 2026 तक 'सेवा सेतु अभियान' (विकसित भारत-जन सेवा अभियान-2026) आयोजित किया जा रहा है। अभियान के तहत 23 सितंबर को जिले की विभिन्न पंचायत समितियों की विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्रातः 9:30 बजे से सायं 6 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि पंचायत समिति बालेसर की ग्राम पंचायत चिडवाई, जिनजिनयाला कला, बिराई, उटाम्बर, चांचलवा, खुडियाला में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार पंचायत समिति शेरगढ़ के अंतर्गत सोमेसर, सोलंकियातला, पदमगढ़, पुगलिया, तथा बापुनगर पंचायत समिति सेखाला में भालू अनोपगढ़, भालू लक्ष्मणगढ़, भालू राजवा, केतु, केतु कला, केतु हेमा, केतु मदा, जवाहर नगर, धीरपुरा तथा पंचायत समिति चामू में चामू, प्रहलादपुरा, मां सती नगर, राजसागर, गोदेलाई में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत लूणी में भटिण्डा, काकेलाव, बिरामी, पालासनी, फिटकासनी, लोलावास पंचायत समिति धवा में लूणावास, खारा, कालीजाल, इमामनगर, राबडिया, हिंगोला तथा पंचायत समिति केरू के अंतर्गत चावण्डा, सालोडी, बैरू, नारवा, इन्द्रोका, मणाई में शिविर आयोजित होंगे। इसी क्रम में पंचायत समिति बिलाड़ा में लाम्बा, बाला, रावर, ओलवी, पड़ासला कलां, हरियाड़ा पंचायत समिति मंडोर में डांगियावास, बावरला, अकथली, जालेली, दईकड़ा, कोकुंडा, खातियासनी पंचायत समिति ओसियां में तापू, खिन्दाकोर, गिंगाला, किंजरी, बरसालू कलां, सिरमण्डी, श्रीरामनगर में शिविर लगाए जाएंगे। पंचायत समिति तिंवरी में चौराई, पांचला खुर्द, बड़ला बासनी, जसनाथ बाड़ी, शिवनगर, घेवड़ा पंचायत समिति बावड़ी की ग्राम पंचायत जैतियावास,उमादेसर, नान्दियाखुर्द, हतुण्डी, धनारीकलां, बुचेटी तथा पंचायत समिति भोपालगढ़ में खेड़ी सालवा, बुडकिया, नान्दिया प्रभावती, देवातड़ा, झालामलिया, अरटिया कलां में शिविर आयोजित होंगे।

इसी प्रकार पंचायत समिति पीपाड़ शहर की ग्राम पंचायत खवासपुरा, चौकड़ी कला, सियारा, पालड़ी सिद्धा, खारिया खंगार, खांगटा, साथीन आदि में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में पंचायत समिति स्तर पर विकास अधिकारी शिविर प्रभारी के रूप में कार्य करेंगे। शिविरों में पंचायती राज, राजस्व, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन, विद्युत, पेयजल (पीएचईडी), सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा महिला एवं बाल विकास सहित 20 से अधिक विभागों से संबंधित समस्याओं का मौके पर ही त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

# बिसाऊ नगरपालिकाः भाजपा की जुलैखा बानो बनीं उपाध्यक्ष

**जूम न्यूज़ • बिसाऊ**

बिसाऊ नगर पालिका में उपाध्यक्ष पद के लिए मंगलवार को हुए मतदान में भाजपा की जुलैखा बानो 13 मतों से विजयी रहीं। जुलैखा बानो की जीत पर कांग्रेस के झंडे लहराए गए। सुबह नामांकन में भाजपा की ओर से पूर्व चेयरमैन हारून खत्री की पत्नी जुलैखा बानो व कांग्रेस की ओर से पूर्व पार्षद नेमीचंद खटीक की पत्नी सपना ने पर्चा भरा। दोपहर सवा दो बजे कांग्रेस के सभी 12 पाषर्दों ने मतदान किया। आधा घंटे बाद भाजपा के पार्षदों ने मतदान किया। मतगणना में जुलैखा बानो को 13 मतों से विजयी घोषित कर दिया। पूर्व चैयरमेन हारून खत्री, उनके पुत्र हासिम खत्री, परिवार के सदस्य तथा मंडल अध्यक्ष एडवोकेट पवन कुमार धोलपुरिया, विलास सैनी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की। हारून खत्री के नेतृत्व में पत्नी के उपाध्यक्ष बनने की खुशी में मनाये जा रहे जश्न में जयकारे कांग्रेस के और झंडे भी कांग्रेस के लहराते रहे।

# सीएसआईआर-सीरी ने 3 उत्पाद लॉन्च किए, 4 तकनीकें ट्रांसफर: 5 एमओयू हुए

**जूम न्यूज • पिलानी**

सीएसआईआर-केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीरी), पिलानी ने अपना 74वां स्थापना दिवस समारोह मनाया। यह कार्यक्रम संस्थान के मुख्य सभागार में आयोजित किया गया। इस मौके पर तीन नए उत्पाद लॉन्च किए गए और चार प्रौद्योगिकियों को उद्योगों को सौंपा गया। समारोह में डॉ. सुधीर मिश्रा, विशिष्ट वैज्ञानिक और डीआरडीओ चेयर (एमेरिटस) मुख्य अतिथि थे। डॉ. चंद्र शेखर, पूर्व निदेशक, सीएसआईआर-सीरी और वरिष्ठ प्रोफेसर (एमेरिटस) विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ हुई।

सीएसआईआर-सीरी और सीएसआईआर-सीएसआईओ के निदेशक प्रो. शांतनु भट्टाचार्य ने उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने पिछले साल की उपलब्धियां बताईं और संस्थान के हीरक जयंती वर्ष के लक्ष्य तय किए। इस अवसर पर संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट (ई-कॉपी) भी जारी की गई।

संस्थान ने तीन उत्पादों को बाजार में लॉन्च किया। साथ ही, चार प्रौद्योगिकियों को उद्योगों को हस्तांतरित किया गया और पांच समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए गए। इन कदमों को संस्थान के रिसर्च और डेवलपमेंट के प्रयासों को उद्योगों तक पहुंचाने और देश में स्वदेशी तकनीकी क्षमताओं को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। इस मौके पर संस्थान के कर्मचारियों को उनकी सेवा अवधियों से जुड़े सेवा-सम्मान पत्र भी दिए गए। परिसर में सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित और उद्योगों को हस्तांतरित की जा रही आधुनिक स्वदेशी प्रौद्योगिकियों की एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

प्रदर्शनी में सेमीकंडक्टर, माइक्रोवेव डिवाइस और इलेक्ट्रॉनिकी सिस्टम सहित कई वैज्ञानिक क्षेत्रों से जुड़ी तकनीकें और उत्पाद दिखाए गए। इसमें उन नई प्रौद्योगिकियों को भी प्रदर्शित किया गया, जो उद्योगों को सौंपने के लिए तैयार हैं। प्रदर्शनी का मकसद संस्थान की रिसर्च उपलब्धियों को उद्योग और समाज तक पहुंचाना था, ताकि 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में स्वदेशी तकनीकों, विनिर्माण और तकनीकी नवाचार को बढ़ावा मिल सके। विशिष्ट अतिथि डॉ. चंद्र शेखर ने अपने भाषण में सीरी के इतिहास से लेकर वर्तमान तक की यात्रा पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर मिश्रा ने रिसर्च को वास्तविक उपयोग में बदलने पर जोर दिया। कार्यक्रम का समापन डॉ. सुचंदन पाल के धन्यवाद ज्ञापन और राष्ट्रगीत व राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी, कर्मचारी और अन्य गणमान्य अतिथि शामिल हुए।



## ब्रीफ न्यूज

### महिला कबड्डी में दो भाई नबीपुरा टीम जीती

**जूम न्यूज • बिसाऊ**

निराधनूं में बाबा रामदेव के तीन दिवसीय वार्षिक मेले का समापन मंगलवार अलसुबह हुआ। समारोह में महिला कबड्डी की विजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। मेले के पहले दिन, रविवार शाम, भजनों का कार्यक्रम हुआ। रामावतार मारवाड़ी एंड पार्टी के कलाकारों ने भजन, लोकगीत पेश किए। सोमवार दोपहर पुरुष व महिला कबड्डी की ओपन प्रतियोगिताएं हुईं। मेले में पहली बार महिला ओपन कबड्डी का फाइनल दो भाई, नबीपुरा, व सोनीपत के बीच खेला गया। दो भाई टीम ने एकतरफा मुकाबले में सोनीपत को 48-16 से हराया। टीम ने 21 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी जीती। मंगलवार अलसुबह पुरुष ओपन कबड्डी का फाइनल हुआ। कॅरियर कॉलेज, चूरू, ने खुडेरा छोटा को 14-10 से हराकर 51 हजार रुपए नकद व ट्रॉफी अपने नाम की। समापन पर मेला समिति सदस्य इन्द्र सिंह चारण ने आभार जताया।

### खेतड़ीनगर में धूमधाम से भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन



**जूम न्यूज • खेतड़ी**

खेतड़ीनगर के सनातन धर्म मंदिर में श्री सनातन धर्म समिति का नौ दिवसीय गणेश महोत्सव मंगलवार देर शाम को गणेश प्रतिमा के विसर्जन के साथ खत्म हो गया। मनीष गंवाई और समिति अध्यक्ष सवाई सिंह सिराधना मुख्य यजमान थे। पंडित जितेंद्र शर्मा ने विधि-विधान से पूजा करवाई। इसके बाद भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का जयकारों के साथ विसर्जन किया गया। मूर्ति विसर्जन से पहले सनातन धर्म मंदिर से भगवान श्री गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर न्यू मार्केट, सुभाष मार्केट, जाट धर्मशाला, सेंट्रल मार्केट, एसबीआई बैंक और सब्जी मंडी होते हुए वापस मंदिर पहुंची।

### बीकानेर में चक्का जाम करेंगे किसान, सिंचाई पानी की मांग को लेकर आंदोलन

**जूम न्यूज • बीकानेर**

बीकानेर में सिंचाई पानी की मांग को लेकर किसानों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। किसान रबी फसल के लिए सिंचाई पानी का स्थाई रेगुलेशन तय करने की मांग पर अड़े हुए हैं। उनके समर्थन में आज खाजूवाला, रावला, घड़साना और अनूपगढ़ की सभी मंडियां बंद रहीं। व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर आंदोलन को समर्थन दिया। किसानों से पानी की बारी को लेकर चल रहे आंदोलन के संबंध में इंदिरा गांधी नहर के चीफ इंजीनियर से हुई वार्ता भी पूरी तरह विफल हो गई है। फिलहाल किसानों ने 24 सितंबर को चक्का जाम का ऐलान किया है। किसान रबी फसल के लिए सिंचाई पानी का स्थाई रेगुलेशन तय करने की मांग पर अड़े हुए हैं। उनका का कहना है कि पर्याप्त और नियमित सिंचाई पानी उपलब्ध नहीं होने से आगामी रबी फसल प्रभावित हो सकती है। मांगों को लेकर किसानों और अधिकारियों के बीच देर रात तक चीफ इंजीनियर के साथ वार्ता चली, लेकिन कोई सहमति नहीं बन सकी। वार्ता विफल होने के बाद किसानों में आक्रोश और बढ़ गया है। अभी तक कोई नतीजा न आने से आंदोलन के और तेज होने के आसार हैं। किसानों ने 24 सितंबर को चक्का जाम का ऐलान किया है।

# 5.81 लाख ने किया आवेदन, 4.45 ने दी परीक्षा: 10,644 पदों की एलडीसी भर्ती का परिणाम 27-28 सितंबर को संभव

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित 10,644 पदों की एलडीसी भर्ती के अभ्यर्थियों का परिणाम का इंतजार खत्म होने वाला है। निकाय चुनाव पूरे होते ही चयन बोर्ड ने परिणाम जारी करने की तैयारी शुरू कर दी है। संभवतया 27-28 सितंबर को परिणाम जारी किया जा सकता है। 4 लाख से अधिक अभ्यर्थी लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे हैं। बोर्ड ने परिणाम तैयार कर लिया था, लेकिन निकाय चुनाव की आचार संहिता के कारण यह अटक गया था। अब निकाय चुनाव खत्म हो चुके हैं और पंचायत चुनाव की प्रक्रिया शुरू होगी। इसलिए बोर्ड का प्रयास है कि इस अंतराल में एलडीसी भर्ती का परिणाम जारी कर दिया जाए। इस परिणाम में टाइपिंग टेस्ट के लिए पदों के मुकाबले 3 गुना यानी करीब 30 हजार अभ्यर्थियों को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके बाद बोर्ड को इन अभ्यर्थियों के टाइपिंग टेस्ट के लिए सेंटर ढूंढने होंगे। इसमें बोर्ड को काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। टाइपिंग टेस्ट जनवरी में होने की संभावना है। बोर्ड के अध्यक्ष आलोक राज का कहना है कि एलडीसी भर्ती का परिणाम 27-28 सितंबर को जारी करने का प्रयास किया जा रहा है।



### टाइपिंग टेस्ट के बाद प्रारंभिक परिणाम

टाइपिंग टेस्ट के बाद भर्ती का प्रारंभिक परिणाम जारी होगा। इसके बाद दस्तावेज सत्यापन और पात्रता जांच होगी। यह काम पूरा होने के बाद अंतिम परिणाम जारी होगा। इसके बाद नियुक्ति की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। चयन बोर्ड ने इस साल जनवरी में 10,644 पदों पर भर्ती निकाली थी। परीक्षा 5 जुलाई को हुई। भर्ती के लिए 5.81 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, इनमें 4.45 लाख ने परीक्षा दी थी।

# गोदारा गैंग को हथियार सप्लाई करने वाले फौजी को जेल भेजा

**सीकर।** रोहित गोदारा गैंग को हथियार सप्लाई करने के मामले में गिरफ्तार सेना के जवान भोपाल सिंह राजावत को जेल भेज दिया गया है। नावां स्थित मिंडा निवासी भोपाल सिंह से पूछताछ के लिए मंगलवार को मिलिट्री पुलिस के अधिकारी भी सीकर पहुंचे। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। अब जवान के खिलाफ कोर्ट मार्शल की कार्रवाई संभव है। सेना का कोई जवान ऑन ड्यूटी किसी अपराध में संलिप्त पाया जाता है तो सेना पुलिस जांच कर आरोपी पर कार्रवाई करती है।



जवान से अब तक हुई पूछताछ के आधार पर सीकर पुलिस और एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने संदिग्धों की तलाश में शेखावाटी सहित अन्य इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार हथियार सप्लाई के दौरान गैंग से जुड़े कई बदमाश भोपाल सिंह के संपर्क में थे। उसने विदेश में बैठे गैंगस्टरों के इशारे पर मई-जून में जयपुर में सीकर रोड पर बाबूलाल शर्मा व अक्षय गुर्जर को जिगाना पिस्टल सहित अन्य हथियार सप्लाई किए थे। ये हथियार सीकर में शेखावाटी के एक व्यापारी की हत्या के लिए मंगवाए गए थे। हथियार देते समय जवान वर्दी में सेना की गाड़ी से आया था।सीसीटीवी फुटेज में इसकी जानकारी सामने आई। इसमें मामले पुलिस के अनुसार बदमाशों ने शेखावाटी के तीन व्यापारियों की रैकी करवा रखी थी और विदेश से इशारा मिलने पर हमला करने की तैयारी थी। रैकी करने और गैंग की अन्य तरीके से मदद करने वाले बदमाशों की पहचान के बाद लक्ष्मणगढ़ से प्रदीप को पकड़ा गया। उसके पास दो पिस्टल और 20 कारतूस मिले। पुलिस के अनुसार प्रदीप भी सोशल मीडिया एप के जरिए विदेश में बैठे गैंगस्टरों के संपर्क में था। जयपुर में पकड़े गए अक्षय और बाबूलाल ने फौजी से मिले हथियार सांवली तिराहे के पास प्रदीप को दिए थे। प्रदीप ने इनमें से दो पिस्टल और 43 कारतूस रसीदपुरा टोल के पास गुलाब सिंह को दे दिए, जबकि दो पिस्टल और 20 कारतूस अपने पास रख लिए थे।

# रेस्ट रूम के बाथरूम में अचेत मिला एम्स का रेजीडेंट, मौत: इंजेक्शन के ओवरडोज की आशंका

**जोधपुर।** जोधपुर एम्स में ड्यूटी करने पहुंचे रेजीडेंट की रेस्ट रूम के बाथरूम में अचेत मिलने के बाद मौत हो गई। वह एनस्थीसिया विभाग में ड्यूटी के लिए आया था।



शुरुआती जानकारी में इंजेक्शन के ओवरडोज की आशंका जताई जा रही है, हालांकि, मौत की वास्तविक वजह जांच के बाद ही साफ होगी। घटना करीब दोपहर 1 बजे की है। मृतक की पहचान राजनरेश यादव (29) पुत्र नरेश कुमार बड़ा जोड़ के पास अलवर के तौर पर हुई। फिलहाल बासनी थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने एम्स की मॉर्च्युरी में शव रखवा दिया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। कल परिजनों के पहुंचने पर शव का पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।

मृतक राज नरेश का बड़ा भाई दिल्ली एम्स में डॉक्टर है, जबकि पिता गांव में ही रहते हैं। मृतक ने एम्स से MBBS किया था, इसके बाद यहीं से PG कर रहा था। दरअसल, ड्यूटी के दौरान रेजिडेंट डॉक्टर बाथरूम में अचेत अवस्था में मिला तो डॉक्टरों ने तुरंत प्राथमिक उपचार देने की कोशिश की, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। पुलिस को मौके पर बाथरूम में इंजेक्शन भी मिला है। संभवतः उसने खुद के सिरिंज लगाकर सुसाइड कर लिया।

### एनस्थीसिया विभाग में ड्यूटी कर रहा था रेजीडेंट

बासनी थानाधिकारी नितिन दवे ने बताया कि एम्स में एनस्थीसिया विभाग में रेजिडेंट डॉक्टर राजनरेश ड्यूटी कर रहा था। आज सुबह 8/9 बजे के करीब एनेस्थीसिया में ड्यूटी करने आया। आज(मंगलवार) उसकी OT में ड्यूटी थी। ड्यूटी के दौरान दोपहर करीब 1 बजे के आसपास बीच में रेस्ट रूम में गया था। इसके बाद काफी देर तक नहीं आने पर OT इंचार्ज ने पता करवाया तो उसका पता नहीं चला। साथियों ने रेस्ट रूम के बाथरूम को देखा तो बाथरूम अंदर से बंद था। खटखटाने के बाद भी कोई आवाज नहीं आ रही थी।

# घरेलू विवाद खूनी संघर्ष में बदला, बेटी पर हमला

**जूम न्यूज • नागौर**

नागौर शहर के ताउसर क्षेत्र के खातीनाडा में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला और उसकी नाबालिग बेटी के साथ गंभीर मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित घेवरराम माली ने कोतवाली थाने में मामला दर्ज करवाया है। रिपोर्ट में बताया कि उनकी पुत्री चम्पा और दोहिती प्रियंका के साथ ससुर पक्ष के लोगों ने संगीन मारपीट की। घटना 21 सितंबर 2026 की है, जब नातिन का फोन आने पर नाना घेवरराम तुरंत मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया। आरोप है कि दादा मिश्रीलाल और दादी कुरका देवी ने दांतले से हमला किया, जिससे चम्पा बेहोश हो गई। बीच-बचाव करने पर अन्य परिजनों ने बचाया।

# नए रेल रूट से चूना-पत्थर की ढुलाई, 10 रैक की क्षमता: रेलवे को हर महीने 4 करोड़ से ज्यादा आय

**जोधपुर।** जोधपुर मंडल ने चूना-पत्थर की ढुलाई के लिए नया रेल रूट शुरू किया गया है। इस रूट से हर महीने 10 रैक तक लोड किए जा सकेंगे, जिससे रेलवे को 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की मासिक आय होने का अनुमान है। नए रूट से माल ढुलाई की क्षमता बढ़ने के साथ रेलवे के राजस्व में भी इजाफा होगा। खारिया खंगार स्टेशन से मंगलम सीमेंट और कोटा के लिए चूना पत्थर के लिए इसे यूज किया जाएगा। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, खारिया खंगार से कोटा तक 539 किलोमीटर की दूरी तय करने वाली प्रत्येक रैक से रेलवे को करीब 41.35 लाख रुपए की आय होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि मंडल में नए माल यातायात को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, चालू माह में दो और रैक की लोडिंग प्रस्तावित है। इसके बाद हर महीने 8 से 10 रैक लोड किए जाने का अनुमान है। इस नियमित यातायात से रेलवे को हर महीने करीब 4.13 करोड़ रुपए की आय होने की उम्मीद है।




सीनियर डीसीएम हितेश यादव के अनुसार, मंडल प्रशासन की ओर से नए माल ग्राहकों को रेल ट्रांसपोर्ट से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। खारिया खंगार से शुरू हुआ चूना पत्थर का यह यातायात इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है, जिससे आने वाले समय में मंडल के माल राजस्व को और बढ़ावा मिलने की संभावना है।

### रेलवे ऑफिस में एआई से होगा ट्रांसलेशन

इधर, रेलवे अपने ऑफिस में हिंदी को बढ़ावा देने के लिए नई-नई तकनीक का उपयोग कर रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में चल रहे हिंदी पखवाड़े के तहत मंगलवार को निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं राजभाषा कार्यशाला आयोजित की गई। इस वर्कशॉप में कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग और अनुवाद में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की भूमिका पर कर्मचारियों को जानकारी दी गई। मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभा कक्ष में आयोजित निबंध प्रतियोगिता का विषय 'दैनिक रेल कामकाज में हिंदी की उपयोगिता' रहा। इसमें विभिन्न विभागों के 15 कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यशाला में राजभाषा नियम एवं अधिनियम,कंप्यूटर पर हिंदी के प्रयोग और अनुवाद कार्य में AI के उपयोग जैसे विषयों पर व्यावहारिक जानकारी दी गई। कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के मार्गदर्शन में और अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी हितेश यादव एवं राजभाषा अधिकारी भंवर सिंह मीना के समन्वय से आयोजित किया गया।

**राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह: दवाओं के साइड इफेक्ट की समय पर रिपोर्टिंग करने का आह्वान**

# दवाओं के साथ मरीज की सुरक्षा पर भी ध्यान देना जरूरी

**जूम न्यूज • जयपुर**

6वें राष्ट्रीय फार्माकोविजिलेंस सप्ताह-2026 के अवसर पर मंगलवार को एसएमएस मेडिकल कॉलेज के ग्राउंड ऑडिटोरियम में चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार एवं एसएमएस मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में राज्य स्तरीय फार्माकोविजिलेंस संवेदनशीलता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का विषय "फार्माकोविजिलेंस के माध्यम से दवाओं के तर्कसंगत उपयोग को बढ़ावा देना—सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक कदम" रहा। कार्यशाला में प्रदेश के चिकित्सा महाविद्यालयों के चिकित्सक, चिकित्सा शिक्षक एवं संबंधित विशेषज्ञ शामिल हुए।



### तकनीकी सत्र में दिए महत्वपूर्ण सुझाव

आयुक्त, चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल ने कहा कि राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों में फार्माकोविजिलेंस को नियमित चिकित्सा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाया जाना चाहिए। कार्यशाला के तकनीकी सत्र में चेतन जाधव ने दवाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए हैंडलिंग, स्टोरेज, डिस्ट्रीब्यूशन, प्रोडक्ट रिटर्न और शिकायतों के निस्तारण से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी दी। डॉ. सुरिंदर खेर ने क्लिनिकल ट्रायल के दौरान दवा देने में मरीज की सुरक्षा से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। वहीं डॉ. गायत्री देवी रविचंद्रन ने दैनिक चिकित्सा अभ्यास में फार्माकोविजिलेंस की भूमिका तथा मरीजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों के बारे में जानकारी दी। बेस्ट प्रैक्टिस सत्र में निजी मेडिकल कॉलेजों की ओर से डॉ. शिप्रा जैन, डॉ. प्रियंका राठी एवं डॉ. नमिता चौधरी ने संस्थानों में फार्माकोविजिलेंस को मजबूत करने, आपसी अनुभव साझा करने और बेहतर कार्यप्रणाली विकसित करने से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कार्यशाला में डॉ. मोनिका जैन के मॉडरेशन में "क्या फार्माकोविजिलेंस हमारे दवा लिखने के तरीके को बदल सकता है?"

प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा शिक्षा श्रीमती गायत्री राठौड़ ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच लगातार बढ़ रही है और सरकारी अस्पतालों में बड़ी संख्या में मरीजों को दवाएं एवं जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। ऐसे में केवल मरीज तक दवा पहुंचाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि यह भी जरूरी है कि दवा सुरक्षित हो और उसका सही तरीके से उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि मरीज की सुरक्षा स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अस्पतालों में इलाज के दौरान यदि किसी मरीज में दवा का प्रतिकूल प्रभाव दिखाई देता है, तो उसकी पहचान कर समय पर रिपोर्ट करना जरूरी है। इससे भविष्य में ऐसे मामलों को रोकने और मरीजों की सुरक्षा बढ़ाने में मदद मिलती है।

उन्होंने कहा कि दवाओं के प्रतिकूल प्रभाव की रिपोर्टिंग को लेकर चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ को किसी तरह का डर या संकोच नहीं होना चाहिए। ऐसी रिपोर्टिंग किसी डॉक्टर, रेजिडेंट या नर्स के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई का आधार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि दवा से हुई अप्रत्याशित प्रतिक्रिया की जानकारी देना गलती स्वीकार करना नहीं, बल्कि मरीज की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी निभाना है। उन्होंने मेडिकल कॉलेजों में दवाओं के साथ मेडिकल डिवाइस की सुरक्षा पर भी ध्यान देने की बात कही। आईवी सेट, कैथेटर, वेंटिलेटर, डायलिसिस सर्किट या अन्य उपकरण में खराबी सामने आने पर उसकी भी रिपोर्टिंग की जानी चाहिए।

# भीलवाड़ा में डॉक्टर दंपती की सड़क हादसे में मौत

### मासूम बेटा-बेटी भी नहीं बच सके; बर्थडे मनाकर जयपुर लौट रहे थे

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा के मांडल उपजिला अस्पताल के अस्पताल प्रभारी (PMO) डॉ. सुरेश गजराज, उनकी पत्नी डॉ. शालिनी मौर्य और दो बच्चों की मौत हो गई। उनकी कार कवाई थाना क्षेत्र में कवाई-अटरू हाईवे पर मंगलवार सुबह भारी वाहन से टकरा गई।



पेट्रोल पंप के पास कार और बलकर की तेज भिड़ंत में उनकी कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह डैमेज हो गया। दंपती के शव कार में फंस गए। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से चारों को बाहर निकालकर अटरू हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां चारों को मृत घोषित कर दिया गया। जानकारी के अनुसार- मूलरूप से सूरजगढ़, झुंझुनूं निवासी और वर्तमान में जयपुर में रहने वाले डॉ. सुरेश गजराज अपनी पत्नी डॉ. शालिनी मौर्य और दोनों बच्चों के साथ 19 सितंबर को बारां आए थे। परिवार अपने साले के बच्चे के जन्मदिन समारोह में शामिल हुआ था।



## साइकोलॉजिकल थ्रिलर गुरु से कमबैक करेंगे जॉन, लंदन में शुरू की शूटिंग

**नई दिल्ली।** हिंदी सिनेमा के दमदार अभिनेता के तौर पर जॉन अब्राहम को जाना जाता है। बीते साल आई फिल्म द डिप्लोमेट के बाद से जॉन बड़े पर्दे से दूरी बनाए हुए हैं। लेकिन, आने वाले समय में वह जोरदार कमबैक करते हुए नजर आएंगे। जिसकी वजह उनकी अपकमिंग कई फिल्में, जिनमें एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर गुरु भी शामिल है। खबरें हैं कि लंदन में जॉन अब्राहम ने अपनी अगली फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। उसे भी अगले साल ही प्रदर्शित करने की योजना है सिनेमाई गलियारों की रिपोर्टों के अनुसार, यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन द गर्ल ऑन द ट्रेन और कोड नेमः तिरंगा के निर्देशक रिभु दासगुप्ता कर रहे हैं।

लाइफ Style




## सना
## आठ साल की उम्र में किया था डेब्यू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शाहरुख खान, काजोल और रानी मुखर्जी अभिनीत फिल्म 'कुछ कुछ होता है' में बतौर बाल कलाकार काम करने वाली सना सईद ने दर्शकों का खूब दिल जीता। वे रानी मुखर्जी और शाहरुख खान की बेटी अंजलि की भूमिका में दिखीं।

'कुछ कुछ होता है' वाली छोटी सी मासूम सी अंजलि अब 38 वर्ष की हो गई हैं। सना का जन्म 22 सितंबर 1988 को मुंबई में हुआ था। सना सईद ने अपने कॅरियर की शुरुआत 8 साल की उम्र में फिल्म 'कुछ कुछ होता है' से की थी। उनके इस रोल को फिल्म में बेहद पसंद किया गया था। इस फिल्म के बाद सना ने दो और बड़ी बॉलीवुड फिल्मों- 'हर दिल जो प्यार करेगा' और 'बादल' में भी काम किया था। हालांकि, सना ने इन फिल्म के बाद फिल्मों से दूरी बना ली थी। करण जौहर निर्देशित 'कुछ-कुछ होता है' में भोली भाली सी दिखने वाली बच्ची यानी सना अब अपने ग्लैमरस लुक से फैंस का दिल जीत लेती हैं। बॉलीवुड की तीन बड़ी फिल्में करने के बाद सना लंबे समय तक बड़े पर्दे से गायब रहीं। इसके बाद उन्होंने टीवी सीरियल्स से वापसी की। टेलीविजन पर सना साल 2008 में बाबुल का आंगन छूटे न और लो हो गई पूजा इस घर की जैसे टीवी सीरियल में नजर आईं। इसके अलावा छोटे पर्दे पर वे कई रियलिटी शो झलक दिखला जा 6, झलक दिखला जा 7, नच बलिए 7 और झलक दिखना जा 9 में भी नजर आ आईं। टीवी में काम करने के बाद सना ने बड़े पर्दे पर एक बार फिर वापसी की।

हॉलीवुड मसाला



## इंसानियत की नहीं है कोई बराबरी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज ने फिल्म निर्माण के दौरान एआई के इस्तेमाल पर बात पर अपने विचार व्यक्त किये हैं। इसके साथ ही अपनी आगामी फिल्म 'डिगर' पर भी काफी कुछ कहा। हाल ही में टॉम क्रूज लंदन में बाफ्टा के 'लाइफ इन पिक्चर्स'समारोह में पहुंचे थे। जहां वैरायटी से हुई बातचीत में 'मिशनः इम्पॉसिबल - द फाइनल रेकनिंग' में किये गए एआई के उपयोग के बारे में बात करते हुए कहा, 'असल बात यह है कि इंसानियत की कोई बराबरी नहीं है।




## एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर 25 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल की सुपरहिट फिल्म 'एवेंजर्सः एंडगेम' एक बार फिर सिनेमाघरों में वापसी करने जा रही है। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म के सात साल बाद मार्वल इसे 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' के नाम से दोबारा रिलीज कर रहा है। भारत में फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो चुकी है और इसे दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स भी मिल रहा है। फिल्म 25 सितंबर को रिलीज होने वाली है। खास बात यह है कि इस बार मार्वल फिल्म को सिर्फ पुरानी यादों के सहारे वापस नहीं ला रहा है। 'एवेंजर्सः एंडगेम एनकोर' में नया फुटेज और 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की एक्सक्लूसिव झलक भी दिखाई जाएगी। यही वजह है कि फिल्म की वापसी को लेकर दर्शकों में खास उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म की सबसे ज्यादा हलचल 25 सितंबर यानी ओपनिंग डे के लिए देखने को मिल रही है।



## सोहला को प्रेजेंट कर रहीं सोनाली...

**मुंबई।** सोनाली बेंद्रे लंबे अरसे के बाद 2013 में फिल्मों में वापस लौटी थीं। इसके बाद से वह फिल्मों और सीरीज में काम करती रही हैं। अब वह अपकमिंग फिल्म 'सोहला' से बतौर प्रेजेंटर जुड़ी हैं। पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का ऐलान किया गया है। यह फिल्म परिवार, सपनों और उन फैसलों के बारे में है, जो हमारी जिंदगी को आकार देते हैं। इस फिल्म के निर्देशक सैकत बागबान हैं। इसे रोज ऑडियो विजुअल्स के बैनर तले गोल्डी बहल ने प्रोड्यूस किया है। कैरीऑन फिल्म्स के बैनर तले सचिन श्रीवास्तव, रत्ना श्रीवास्तव और कविता बागबान भी इसके प्रोड्यूसर हैं। इसका साउंडट्रैक यूनिवर्सल म्यूजिक ग्रुप ने तैयार किया है। यह 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसका ट्रेलर 29 सितंबर को जारी किया जाएगा।



## प्रेम कीटाणु में दिखी दोस्ती की झलक

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और अपारशक्ति खुराना की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'प्रेम कीटाणु' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में कॉलेज लाइफ, दोस्ती और प्यार दिखाया गया है। इसके अलावा इसमें दो दोस्तों के बीच लड़की को लेकर पैदा होने वाली स्थिति की भी झलक है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिला है। प्रेम कीटाणु' 2 अक्टूबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। 2 मिनट 43 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि वीर पहाड़िया एक लड़की (आफिया सैयद) के चक्कर में पड़ जाते हैं। उन्हें उससे प्यार हो जाता है। उनकी प्रेम कहानी अच्छी चल रही होती है। इस बीच अपार शक्ति खुराना आ जाते हैं। वीर को लगता है कि आफिया का और आपर शक्ति खुराना का चक्कर चल रहा है।

टीवी मसाला



## बिग बॉस 20 : अमन ने छीनी यंग डीएसए की पावर

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 20 में प्रतिभागियों के बीच खूब बहस और विवाद देखे जा रहे हैं। कुछ के बीच दोस्ती हुई है तो कुछ एक-दूसरे को फूटी आंख नहीं देखना चाहते। हाल ही में शो का नया प्रोमो जारी हुआ है। इसमें यंग डीएसए उर्फ हर्ष मछारे और अमन गांधी के बीच तीखी बहस देखी जा सकती है। दरअसल, एक टास्क के बाद अमन गांधी ने यंग की लाइफलाइन छीन ली। 'बिग बॉस 20' में दो सदस्यों को नॉमिनेट किया गया है। ये दो प्रतिभागी यंग डीएसए और ईशा रिखी हैं। नॉमिनेशन की प्रक्रिया भी थोड़े हटकर अंदाज में हुई। इस बार प्रतिभागियों को उन दो सदस्यों का नाम बताना था, जिन्हें वे नामांकन से बचाना चाहते थे। हर घरवाले ने अपनी पसंद के सदस्य को सुरक्षित किया। मगर, इस दौरान यंग डीएसए और ईशा रिखी को एक भी सेविंग वोट नहीं मिला। इसके चलते दोनों नॉमिनेशन लिस्ट में आ गए। नॉमिनेशन होने के बाद सभी प्रतिभागियों को एक टास्क दिया गया। यह टास्क राशन से जुड़ा था। सबसे जल्दी 'रूम नंबर 20' तक पहुंचने वाले सदस्य को खास मौका मिलना था। यह टास्क अमन गांधी ने जीता। वे रूम में सबसे पहले पहुंचे थे। इसके बाद अमन को किसी एक सदस्य की लाइफलाइन छीनने का अधिकार मिला। अमन ने यंग डीएसए की एक लाइफलाइन खत्म कर दी। अमन गांधी ने यंग डीएसए की पावर छीनी, इसके बाद रैपर का गुस्सा फूट पड़ा। दोनों के बीच जमकर तकरार हुई। सामने आए प्रोमो में दोनों एक-दूसरे पर भड़क रहे हैं। वहीं, यह भी देखा जा सकता है कि यंग की पावर कम करने का संकेत गुल्लू ने दिया था। बता दें कि इस सीजन को भी सलमान खान होस्ट कर रहे हैं। यह शो आप रोज रात नौ बजे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

### किस्मत से मिलता है ऐसा रोल : रघुबीर



**नई दिल्ली।** रघुबीर यादव बताते हैं कि पहली बार 'पंचायत' की स्क्रिप्ट पढ़ने के बाद उन्होंने मेकर्स से कहा था कि- 'इसमें तो एक्टिंग की गुंजाइश नहीं है।' सुनने में यह बात थोड़ी अजीब लग सकती है, लेकिन रघुबीर का मतलब साफ था। उन्हें लगा कि इस कहानी और किरदार को अभिनय के जरिए नहीं दिखाया जा सकता। यहां तो किरदार को आत्मसाध करके परदे पर जीना होगा। 'पंचायत' से जुड़ने का किस्सा बताते हुए रघुबीर कहते हैं, 'कुछ नहीं, बस ऐसे ही मिल गई थी। ये लोग लिख रहे थे। पता नहीं, कैसे मुझे बुला लिया। मैंने उनसे यही कहा कि जिस तरह इसे लिखा गया है, इन जिंदगियों से मैं अच्छी तरह से वाकिफ हूं। मैं बिहार, राजस्थान, यूपी, एमपी सब जगह रहा हूं। वहां की जुबान की मुझे थोड़ी जानकारी है। वहां की जुबान का जो टेस्ट है, वो मुझे पता है। जुबान का जो संगीत है, वो भी मुझे पता है।

## वर्तमान के लिए बहुत प्रासंगिक है 'भेड़ बकरी भूत' की कहानी

**नई दिल्ली।** अभिषेक चौबे और नवदीप सिंह मिलकर शॉर्ट फिल्म 'भेड़ बकरी भूत' लेकर आए हैं। इसे कई फेस्टिवल में सराहा गया है। फिल्म को अनुराग कश्यप के क्यूरेटेड यूट्यूब चैनल 'ओह शॉर्ट फिल्म्स' पर रिलीज किया जाएगा। फिल्ममेकर अभिषेक चौबे और नवदीप सिंह अवॉर्ड जीतने वाली शॉर्ट फिल्म 'भेड़ बकरी भूत' (बीबीबी) पेश कर रहे हैं। नवदीप सिंह ने कहा कि फिल्म की ऑब्जर्वेशनल स्टोरीटेलिंग ने तुरंत उनका ध्यान खींचा। उन्होंने कहा, 'भेड़ बकरी भूत' बहुत बारीकी से देखी गई और समझदारी से निर्देशित की गई फिल्म है। यह आज के समय के लिए बहुत प्रासंगिक है। यह एक शानदार शॉर्ट फिल्म है, जो समझदारी भरी और जबरदस्त मनोरंजक है।''भेड़ बकरी भूत'कई फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा चुकी है। इन फेस्टिवल में इंटरनेशनल कुर्जफिल्मटेग विंटरथुर का 29वां एडिशन, आईफसा टोरंटो, तिराना इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल, रोमा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल,




टोक्यो इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल, येलोस्टोन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल और बेस्ट ऑफ इंडिया शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल शामिल हैं। उड़ता पंजाब जैसी फिल्म के लिए मशहूर चौबे और एनएच10 जैसी फिल्म से जुड़े सिंह इस शॉर्ट फिल्म को पेश कर रहे हैं। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में सराहा गया है। 'भेड़ बकरी भूत' दिखाती है कि कैसे निजी शिकायतें सिस्टम से जुड़ी निराशाओं पर एक बड़ी टिप्पणी बन सकती हैं। फिल्म की शुरुआत एक दुखी ब्रास बैंड म्यूजिशियन से होती है, जो पब्लिक बाथरूम की दीवार पर अपनी प्रेमिका के बारे में गुस्से भरा मैसेज लिखता है। जो चीज एक निजी गुस्से के तौर पर शुरू होती है, वह जल्द ही शिकायतों की एक सामूहिक दीवार बन जाती है। यहां लोग समाज और सिस्टम से जुड़ी अपनी शिकायतें लिखने लगते हैं। बढ़ती आवाजों के बीच, बाथरूम की बिगड़ती हालत पर किसी का ध्यान नहीं जाता। फिल्म के बारे में बात करते हुए अभिषेक चौबे ने एक बयान में कहा, ''भेड़ बकरी भूत' के बारे में मुझे जो बात सबसे ज्यादा पसंद आई, वह है शिवम का कहानी कहने का मॉडर्न तरीका और यह बात कि यह फिल्म जितनी मजेदार है, उतनी ही परेशान करने वाली भी।

## जेलर 2 की कास्ट में शामिल हुईं विद्या
## दबंग और प्रभावशाली है किरदार



**मुंबई।** 'जेलर 2' के मेकर्स धीरे-धीरे उन कलाकारों के किरदारों से पर्दा उठा रहे हैं जो इस बहुप्रतीक्षित सीक्वल में रजनीकांत के साथ नजर आएंगे। इस कड़ी में अब विद्या बालन का नाम भी जुड़ गया है। मेकर्स ने अब विद्या के किरदार का पहला लुक जारी किया है। वह 'कांथा' का किरदार निभा रही हैं। इस किरदार के बारे में अभी ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन नए वीडियो में उन्हें एक जबरदस्त अंदाज में पेश किया गया है। वीडियो में विद्या नीली साड़ी और काले ब्लाउज में नजर आ रही हैं। उनके हाथ में सिगरेट है और वह सीढ़ियों से उतरकर एक कमरे में दाखिल होती हैं। वीडियो में ज्यादा कुछ तो नहीं दिखाया गया है लेकिन एक बात साफ है कि कांथा का किरदार कोई शांत या दब्बू किस्म का नहीं है। इस सीन में विद्या का अंदाज काफी प्रभावशाली और दबंग है। मेकर्स ने अभी तक यह नहीं बताया है कि कहानी में कांथा का क्या रोल है। हालांकि, रिपोर्ट्स के मुताबिक, विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का किरदार निभाएंगी। कहा जा रहा है कि मिथुन 'जेलर 2' में मुख्य विलेन (खलनायक) की भूमिका में होंगे और रजनीकांत के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। हिंदुस्तान टाइम्स ने पहले एक सूत्र के हवाले से कहा था, 'विद्या मिथुन चक्रवर्ती की बड़ी बेटी का रोल निभा रही हैं।' नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित 'जेलर' फिल्म मुथुवेल पांडियन की कहानी थी। वह एक रिटायर्ड जेलर थे, जिनका शांत जीवन तब उथल-पुथल हो गया, जब उनका बेटा लापता हो गया। फिल्म ने भारत में 348.55 करोड़ रुपए (नेट) और दुनिया भर में 604.50 करोड़ रुपए (ग्रॉस) की कमाई की थी।

### संजय-अनन्या-ईशा से लेकर सनी लियोनी तक
## गणेशोत्सव : लालबागचा राजा के दरबार में पहुंचे कई बॉलीवुड सितारे

*मुंबई। गणेशोत्सव के पावन मौके पर कई सेलब्स मुंबई के लालबागचा राजा के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। मंगलवार को भी बॉलीवुड के कई कलाकार बप्पा के दर्शन के लिए पहुंचे, जिनके वीडियोज भी सामने आए हैं। गणेश उत्सव के मौके पर अब तक शाहरुख खान से लेकर बॉलीवुड के कई बड़े सितारे लालबागचा राजा के दर्शन कर चुके हैं। मंगलवार को भी संजय दत्त, अनन्या पांडे समेत कई सितारे बप्पा के दर्शन करने और आशीर्वाद लेने पहुंचे।*

### पत्नी संग आशीर्वाद लेने पहुंचे बाबा



संजय दत्त भी अपनी पत्नी मान्यता दत्त के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। संजय दत्त ने इस दौरान नारंगी रंग का कुर्ता-पायजामा पहना था, जबकि मान्यता दत्त गुलाबी रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं। दोनों ने बप्पा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया।

### पिता-बेटी ने भी किए दर्शन



अनन्या पांडे भी अपने पिता चंकी पांडे के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं। दोनों को मुंबई की भीड़भाड़ वाली गलियों में बप्पा के दरबार की ओर जाते हुए देखा गया। अनन्या इस दौरान ट्रेडिशनल आउटफिट में नजर आईं।

### बप्पा के दरबार में पहुंची ईशा

वहीं ईशा देओल भी बप्पा के दरबार में पहुंचीं। ईशा ने इस दौरान हरे रंग की ड्रेस पहनी थी और उनके माथे पर तिलक लगा हुआ नजर आया। उन्होंने भी लालबागचा राजा के दर्शन किए और गणपति बप्पा का आशीर्वाद लिया।

### शाहरुख ने बेटी सुहाना और पत्नी गौरी के साथ लिया आशीर्वाद



सोमवार देर रात शाहरुख खान मुंबई के मशहूर लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचे। इस दौरान उनका परिवार भी साथ था। नेवी ब्लू पठानी कुर्ता सेट पहने और माथे पर पारंपरिक लाल तिलक लगाए शाहरुख ने कड़ी सुरक्षा के बीच अपने परिवार और टीम के सदस्यों के साथ भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच से गुजरते हुए 60 वर्षीय अभिनेता ने मूर्ति के सामने पुष्प अर्पित किए। यह दौरा गणेश चतुर्थी के दौरान शहर के सार्वजनिक उत्सवों और रीति-रिवाजों में शामिल होने की उनकी पुरानी परंपरा का हिस्सा है। पंडाल के अंदर वीडियो में अभिनेता को मूर्ति के पैर छूते हुए देखा गया, जबकि गौरी, सुहाना और पूजा भी सम्मान जाहिर करने के लिए उनके ठीक पीछे थीं।

### पति डेनियल संग पहुंची सनी

सनी लियोनी अपने पति डेनियल वेबर के साथ लालबागचा राजा के दर्शन करने पहुंचीं। इस दौरान दोनों ने बप्पा के सामने माथा टेका और आशीर्वाद लिया। सनी इस मौके पर ट्रेडिशनल लुक में नजर आईं।

### *हजारों श्रद्धालु आते हैं*

*लालबागचा राजा मुंबई की सबसे मशहूर सार्वजनिक गणेश प्रतिमा है। इसे 1934 में मध्य मुंबई में स्थापित किया गया था। 'नवसाचा गणपति' (मनोकामना पूरी करने वाले गणेश) के रूप में मशहूर इस प्रतिमा के दर्शन के लिए 11 दिनों तक चलने वाले गणेश चतुर्थी उत्सव के दौरान लाखों भक्त आते हैं। इनमें मशहूर हस्तियां और वीआईपी भी शामिल हैं। ये लोग घंटों लंबी कतारों में खड़े होते हैं।*

# जुगराज, अभिषेक और दिलप्रीत की हैट्रिक से भारत ने श्रीलंका को 16-1 से हराया

एजेंसी ▸▸| काकामिगाहारा

ड्रैग-फ्लिकर जुगराज सिंह के साथ स्ट्राइकर अभिषेक और दिलप्रीत सिंह की हैट्रिक से भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों में अपने दूसरे पूल ए मैच में कमजोर श्रीलंका को 16-1 से करारी शिकस्त दी। उम्मीद के मुताबिक भारतीय टीम शुरुआत से ही हावी रही और उसने कमजोर मानी जा रही श्रीलंकाई टीम के खिलाफ खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा। भारत ने इससे पहले इंडोनेशिया को 13-1 से हराया था।

### हरमन, मनदीप ने दागे गोल

जुगराज ने चार गोल किए जबकि अभिषेक और दिलप्रीत ने तीन-तीन मैदानी गोल किए। कप्तान हरमनप्रीत सिंह, मनदीप सिंह, सुखजीत सिंह, मनप्रीत सिंह और विवेक सागर प्रसाद ने भी गोल किए। श्रीलंका का एकमात्र गोल सुरेश रत्नायके ने 50वें मिनट में किया जो एशियाई खेलों के इतिहास में भारत के खिलाफ उनका पहला गोल था। भारत अब अगले मुकाबले में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया से खेलेगा।



## ई-फुटबॉल में भारत को मिला वॉकओवर

आइची। भारत ने मंगलवार को एशियाई खेलों की ई-स्पोर्ट्स प्रतियोगिता में ग्रुप एफ के मैच में मंगोलिया के खिलाफ वॉकओवर और उज्बेकिस्तान के साथ 0-0 से ड्रॉ के साथ अपने ई-फुटबॉल अभियान की अच्छी शुरुआत की। डैनियल पटेल और चिन्मय साहू वाली भारतीय टीम ने अपने पहले मैच में उज्बेकिस्तान के अबूबाकिर इमिनजोनोव और फर्रुख मिर्खमितोव की जोड़ी के खिलाफ गोल-रहित ड्रॉ खेला। हालांकि अपने दूसरे मैच में भारत को मंगोलियाई टीम (मुंख-ओचिर बटमनलाई और खानतामिर मुंख-ओर्गिल) से वॉकओवर मिला।



## प्रणति ने वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया

नागोया। एशियाई खेलों में भारत की एकमात्र जिमनास्ट प्रणति नायक ने मंगलवार को कलात्मक जिमनास्टिक स्पर्धा में सातवां स्थान हासिल करके वॉल्ट फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।एशियाई जिमनास्टिक्स चैंपियनशिप में तीन बार कांस्य पदक जीतने वाली प्रणति 19 जिमनास्ट में सातवें स्थान पर रहीं जिससे उन्होंने वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। फाइनल 24 सितंबर को होगा। प्रणति ने वॉल्ट 1 में 13.000, वॉल्ट 2 में 12.433 का स्कोर किया। बंगाल की इस जिमनास्ट ने 12.916 के स्कोर से 'ओवरऑल' सूची में सातवां स्थान हासिल किया।

## बैडमिंटन: भारत ने जापान को 3-0 से हराया

नागोया। भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने मंगलवार को यहां क्वार्टरफाइनल में जापान को 3-0 से हराकर पदक पक्का कर लिया। भारतीय पुरुष टीम ने पिछले चरण में रजत पदक जीता था। उसके लिए लक्ष्य सेन ने वापसी करते हुए शानदार जीत हासिल की, उनके अलावा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, चिराग शेट्टी और आयुष शेट्टी की जीत ने टीम को सफलता दिलाई। अब बुधवार को सेमीफाइनल में भारत का सामना मौजूदा चैंपियन चीन और कोरिया के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल के विजेता से होगा। लक्ष्य सेन ने पहला गेम गंवाकर शुरुआत की और निर्णायक गेम में 14-19 से पिछड़ने के बाद हार की कगार पर थे लेकिन लगातार सात अंक हासिल कर कोडाई नाराओका को हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई।





## भारत ने जापान को हराकर जीता ऐतिहासिक मुकाबला

नागोया। भारतीय क्रिकेट टीम ने जापान क्रिकेट टीम को पहले ऐतिहासिक टी-20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबला में 2 रन से हराकर जीत दर्ज कर ली। यह मैच कांतो के सानो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैदान खेला गया था। बारिश के कारण मुकाबले को 5-5 ओवर का किया गया था। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 32/4 का स्कोर खड़ा किया। जवाब में जापान की टीम पूरे ओवर खेलने के बाद 30/3 का स्कोर ही बना पाई।



### चार्ली हारा-हिंजे के नाम दर्ज हुई यह उपलब्धि

इस मुकाबले में उतरने के साथ ही जापान के चार्ली हारा-हिंजे के नाम खास उपलब्ध दर्ज हो गई। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के खिलाफ खेलने वाले तीसरे सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने 17 साल 357 दिन की उम्र में यह कारनामा किया है। इस सूची में नेपाल क्रिकेट टीम के गुलशन झा (17 साल और 228 दिन) पहले और नामीबिया क्रिकेट टीम के मैक्स हिंगो (17 साल और 341 दिन) दूसरे पायदान पर मौजूद हैं।

### भारत ने इस तरह दर्ज की जीत

मुकाबले में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत खराब रही। 7 रन के कुल स्कोर पर सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। उसके बाद भारत ने कप्तान श्रेयस अय्यर (16) और संजू सैमसन (9) की पारियों से 32/4 का स्कोर खड़ा किया। जापान से चार्ली हारा-हिंजे ने सर्वाधिक 2 विकेट लिए। जवाब में जापान की टीम कप्तान केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग (12) और बेंजामिन इतो-डेविस (9) की पारी से 30/3 ही बना पाई।



## साक्षी ने ओलंपिक पदक विजेता को हराया, जादुमणि भी जीते

निशियो। भारतीय मुक्केबाज साक्षी चौधरी ने मंगलवार को एशियाई खेलों में महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग में पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता फिलीपींस की ऐरा विलेगास को 5-0 से हराकर बड़ा उलटफेर करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जबकि पुरुष वर्ग में जादुमणि सिंह (55 किलोग्राम) भी आगे बढ़ने में सफल रहे। भिवानी की 26 वर्षीय मुक्केबाज साक्षी ने अपनी लंबाई और अच्छी पहुंच का फायदा उठाते हुए शुरुआत से ही विलेगास को दूर रखा और उन्हें हावी नहीं होने दिया। जादुमणि ने भी नेपाल के चंद्र बहादुर थापा पर 5-0 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की और अंतिम 16 में जगह बनाई जहां उनका सामना फिलिपींस के तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता कार्लो पालाम से होगा।

## ब्रीफ न्यूज



### जय मीणा सॉफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

नागोया। भारत के जय मीणा मंगलवार को एशियाई खेलों में सॉफ्ट टेनिस के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। जय ने ग्रुप डी में पाकिस्तान के अराइन हुसैन को 4-0 से हराया। क्वार्टर फाइनल में अब उनका मुकाबला फिलीपींस के शेरविन नुगुइट से होगा। आर्यन ठाकुर ने मंगोलिया के अल्टांगेरेल बोल्ड-एर्डेने पर 4-0 से जीत दर्ज की, लेकिन हिगाशियामा पार्क टेनिस सेंटर में चीनी ताइपे के चेन पो-यी से 0-4 से हार गए। आध्या तिवारी ने महिला एकल में पाकिस्तान की कायनात शलवानी को 4-0 से हराया।

### मार्क वुड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



लंदन। वनडे और टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लैंड की टीम के सदस्य और अपनी पीढ़ी के सबसे तेज गेंदबाजों में से एक मार्क वुड ने चोटों की समस्याओं के कारण मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा कर दी। वुड ने एक बयान में कहा, ''मैंने हमेशा दृढ़ रहने और चोट से उबरकर लोगों को गलत साबित करने और सबको अपनी क्षमता दिखाने की कोशिश की है। दुर्भाग्य से इस बार मैं यह लड़ाई हार गया।''वुड ने अपने 11 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का अंत 38 टेस्ट मैचों में 119 विकेट, 70 वनडे मैचों में उनके 80 विकेट और 38 टी20 मैचों में 54 विकेट के साथ किया।

## पाकिस्तान ने जीता कांस्य, बांग्लादेश को 31 रनों से हराया

नागोया। जापान के आइची-नागोया में आयोजित हो रहे एशियाई खेल 2026 में पाकिस्तान महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम कर लिया है। मंगलवार को तीसरे स्थान के लिए कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले गए मुकाबले में पाकिस्तान ने बांग्लादेश महिला क्रिकेट टीम को 31 रनों से हरा दिया। इसके साथ पाकिस्तान ने 2023 के हांग्जो एशियाई खेलों के कांस्य पदक मैच में बांग्लादेश से मिली मिली हार का बदला भी ले लिया है।
पाकिस्तान ने इस तरह जीता मुकाबला
पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान फातिमा सना शेख (45), सलामी बल्लेबाज गुल फिरोजा (31) और आलिया रियाज (25) की पारियों से 8 विकेट पर 145 रन का स्कोर खड़ा किया था।

## नारूका, राइजा स्कीट निशानेबाजी के फाइनल की दौड़ में बरकरार



एजेंसी ▸▸| नागोया

भारत के शीर्ष स्कीट निशानेबाज अनंतजीत सिंह नारूका ने 100 में से 96 निशानों के साथ एशियाई खेलों के फाइनल में जगह बनाने की अपनी संभावनाओं को मजबूत किया। वह 25-25 निशानों के चार दौर के बाद चार खिलाड़ियों के साथ तालिका में शीर्ष पर बने हुए हैं। क्वालीफिकेशन में बुधवार को होने वाला 25 निशानों के एक और दौर बचा हुआ है। नारूका आठ निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाने और पदक के लिए चुनौती पेश करने की मजबूत स्थिति में हैं। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में राइजा ढिल्लों चार दौर के बाद 92 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पदक स्पर्धा में अपनी जगह पक्की करने के लिए उन्हें बुधवार के अंतिम क्वालीफिकेशन दौर में अच्छा स्कोर करना होगा।

## रोशिबिना ने वुशु में पदक किया पक्का, सेमीफाइनल में पहुंचीं



नागोया। रोशिबिना देवी नाओरेम ने एशियाई खेलों में मंगलवार को वुशु के महिला 60 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए एक पदक पक्का कर लिया। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में मकाऊ की चू मैन सिन को हराया। रोशिबिना को 'आइची प्रीफेक्चुरल मार्शल आर्ट्स हॉल' में मकाऊ की अपनी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अंकों के अंतर के आधार पर विजेता घोषित किया गया। इस बीच, आर्यन पुरुषों के 56 किग्रा सांडा स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में उज्बेकिस्तान के सैदुलो अबुराशितोव से 1-2 (5-0 0-5 0-5) से हार गए।

## जापान से हारकर भारतीय महिला बैडमिंटन टीम बाहर

एजेंसी ▸▸| नागोया



विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने शानदार खेल दिखाया लेकिन एकल खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारतीय महिला बैडमिंटन टीम मंगलवार को यहां क्वार्टर फाइनल में जापान से 1-3 से हारकर एशियाई खेलों से बाहर हो गई। भारत की तरफ से दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व में तीसरे नंबर की खिलाड़ी अकाने यामागुची के सामने कड़ी चुनौती पेश की लेकिन आखिर में 23-21, 18-21, 6-21 से हार गईं। उन्नाति हुड्डा इसके बाद 2022 की विश्व जूनियर चैंपियन और विश्व में सातवें नंबर की खिलाड़ी टोमोका मियाजाकी से 16-21, 18-21 से हार गईं, जिससे जापान 2-0 से आगे हो गया। नयी दिल्ली में हाल ही में विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली त्रीसा और गायत्री ने पहले युगल मैच में युकी फुकुशिमा और मायु मात्सुमोतो को 21-17, 21-16 से हराकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा।

## भारत ने कोरिया को हराकर ग्रुप में शीर्ष स्थान बरकरार रखा



नागोया। गत चैम्पियन भारतीय पुरुष कबड्डी टीम ने मंगलवार को यहां एशियाई खेलों के ग्रुप ए के मुकाबले में दक्षिण कोरिया को 63-31 से करारी शिकस्त देकर अपना दबदबा कायम रखा। यह भारत की लगातार दूसरी जीत है और टीम ग्रुप ए में शीर्ष पर बनी हुई है। भारत अब बुधवार को बांग्लादेश से भिड़ेगा जबकि ग्रुप ए के अपने अंतिम मुकाबले में बृहस्पतिवार को चीनी ताइपे का सामना करेगा। भारत ने खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शुरुआत मेजबान जापान के खिलाफ 49-24 की शानदार जीत के साथ की थी।भारतीय महिला टीम बुधवार को ग्रुप ए के अपने दूसरे मुकाबले में ईरान का सामना करेगी। उसने सोमवार को अपने पहले मैच में बांग्लादेश को हराया था। पुरुष कबड्डी में भारत ने शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और मध्यांतर तक 34-14 की बढ़त हासिल कर ली। दूसरे हाफ में भी भारत ने 29-17 से बढ़त बनाते हुए मैच अपने नाम किया। भारत ने सफल रेड से 38 अंक, 17 बोनस अंक, ऑलआउट से छह अंक और सुपर टैकल से दो अंक हासिल किए। कोरिया ने भारतीय खिलाड़ियों को आउट करके 23 अंक और बोनस से आठ अंक जुटाए।

## इलावेनिल-पार्थ की जोड़ी 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा में चौथे स्थान पर



नागोया। भारतीय निशानेबाज इलावेनिल वलारिवन और पार्थ माने की जोड़ी मंगलवार को यहां एशियाई खेलों की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा के फाइनल में क्वालीफिकेशन की शानदार लय को बरकरार नहीं रख सकी और चौथे स्थान पर रही। इलावेनिल और पार्थ इससे पहले अपनी टीम स्पर्धाओं में रजत पदक जीत चुके थे लेकिन मिश्रित फाइनल में चीन, दक्षिण कोरिया और जापान की जोड़ियों को चुनौती पेश नहीं कर सके।
भारतीय जोड़ी पूरे फाइनल के दौरान पिछड़ती रही और अंततः 376.3 अंक के साथ पदक की दौड़ से बाहर हो गई। चीन की वांग झिफेई और शेंग लिहाओ की जोड़ी ने 507.1 अंक के विश्व रिकॉर्ड स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन और पार्क हाजुन ने 502.9 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया जबकि जापान के नाओकी हानाकावा और मिसाकिया नोबाटा ने 439.7 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। क्वालीफिकेशन में चौथे स्थान पर रहे वियतनाम को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

### महिला टीम ने थाईलैंड को 3-2 से हराया

## भारतीय महिला टीम टेटे के क्वार्टर फाइनल में, पुरुष टीम बाहर

एजेंसी ▸▸| टोयोटा

भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों में टेबल टेनिस प्रतियोगिता में थाईलैंड को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की लेकिन भारतीय पुरुष टीम मंगलवार को दक्षिण कोरिया से हारकर बाहर हो गई। भारतीय महिला टीम ने यहां स्काई हॉल में थाईलैंड को 3-2 से हराया, लेकिन पुरुष टीम 0-3 से हार गई।



महिलाओं के मुकाबले में श्रीजा अकुला को थाईलैंड की ओरावन परानंग से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। दूसरा मैच भी पांच गेम तक चला जिसमें यशस्वी घोरपड़े ने अपनी प्रतिद्वंद्वी सुथासिनी सावेत्ताबुत को 3-2 से हरा कर स्कोर 1-1 कर दिया। दीया चितले को हालांकि जिन्निपा सावेत्ताबुत से हार का सामना करना पड़ा। उनकी 2-3 की हार से थाईलैंड ने एक बार फिर बढ़त कायम कर ली। यशस्वी ने चौथे मैच में परानंग पर 3-0 की शानदार जीत के साथ भारत की वापसी कराई। श्रीजा ने पांचवें मैच में वापसी करते हुए तीन गेम जीते और सुथासिनी के खिलाफ अपना मैच 3-1 से जीत कर भारत को अंतिम आठ में पहुंचा दिया।

### पुरुष टीम का प्रदर्शन रहा निराशाजनक

भारतीय पुरुष टीम के लिए यह निराशाजनक प्रदर्शन रहा और टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई। हरमीत देसाई ने पहला गेम 11-8 से जीतकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन कोरिया के जांग वू-जिन से अगले तीन गेम हार गए और मैच का परिणाम 1-3 रहा। दूसरे मैच में मानुष शाह ने कड़ी टक्कर दी लेकिन ओह जुंगसुंग ने इस रोमांचक मुकाबले को 3-2 से जीत लिया। भारत को वापसी करने का दरोमदार अब मानव ठक्कर पर था लेकिन वह भी एन जे-युन की चुनौती से पार नहीं पा सके। मानव 1-3 से हार गए।

# सोनिया गांधी 'वोट चोरी' की बात कर रहीं, जबकि वे खुद 'लोकतंत्र की चोरी' में शामिल: भाजपा

## जब सोनिया गांधी भारत की नागरिक नहीं थीं तो उन्हें वोट डालने की इजाजत किस आधार पर दी गई: भंडारी

**नई दिल्ली**





भाजपा ने मंगलवार को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी पर हमलावर रूख अपनाते हुए कहा कि वे लगातार 'वोट चोरी' की बात कर रही हैं, जबकि वह खुद 'लोकतंत्र की चोरी' में शामिल हैं। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और राष्ट्रीय मीडिया सह-संयोजक प्रदीप भंडारी ने मंगलवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी पर तीखा हमला किया।

सोनिया गांधी के वोटर लिस्ट में नाम शामिल किए जाने के मामले में दिल्ली कोर्ट ने निचली अदालत के आदेश को रद्द कर नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भाजपा ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कई सवाल उठाए। मामले की अगली सुनवाई 29 सितंबर को होगी।

उन्होंने कहा कि भारत में मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए नागरिकता एक बुनियादी जरूरत है। भंडारी ने पूछा कि 1980 में सोनिया गांधी भारत की नागरिक नहीं थीं। कोर्ट में एक याचिका दायर की गई थी जिसमें पूछा गया था कि जब सोनिया गांधी भारत की नागरिक नहीं थीं तो उन्हें वोट डालने की इजाजत किस आधार पर दी गई,उन्होंने पूछा कि क्या उन्होंने (सोनिया गांधी) दस्तावेजों की जालसाजी करने की कोशिश की थी। दिल्ली की एक अदालत के उस आदेश के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है, जिसमें सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाने के मामले में जांच की मांग वाली याचिका पर दोबारा सुनवाई का निर्देश दिया गया है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस को 'लोकतंत्र का चोर' बताते हुए कई सवाल उठाए। दरअसल, दिल्ली की अदालत ने सोमवार को मजिस्ट्रेट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में कथित तौर पर गलत तरीके से शामिल किए जाने के मामले में जांच से इनकार किया गया था। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा कि मजिस्ट्रेट अदालत ने संज्ञेय अपराध के खुलासे से जुड़े पहलू पर अपना मुख्य दायित्व पूरा नहीं किया।

यह बात राउज एवेन्यू में एमपी एमएलए मामलों की स्पेशल कोर्ट के उस आदेश को रद्द करने के बाद आई, जिसमें कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने से मना कर दिया गया था। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए भंडारी ने कहा कि भारत में मतदान के अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए नागरिकता एक बुनियादी जरूरत है।उन्होंने कहा कि भारत का संविधान कहता है कि वोट देने के लिए किसी व्यक्ति का भारत का नागरिक होना जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने इस बारे में भी गंभीर सवाल उठाए कि सोनिया गांधी को वोट डालने की इजाजत कैसे दी गई।

आदेश की ओर इशारा करते हुए भंडारी ने कहा कि कोर्ट का मानना है कि मामले में जांच होनी चाहिए। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने यह भी कहा कि कोर्ट ने देखा था कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने एक संज्ञेय अपराध के खुलासे का अपना मुख्य काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि कल दिल्ली की एक अदालत ने एक मजिस्ट्रेट कोर्ट को यह जांच करने का आदेश दिया कि क्या कोई संज्ञेय अपराध हुआ था।

भंडारी ने कहा कि जो लोग 'वोट चोरी' की बात कर रहे हैं, वे लोकतंत्र की चोरी कर रहे हैं। उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, अगर आप कोर्ट का अवलोकन देखें तो उसमें कहा गया है कि जिस मजिस्ट्रेट कोर्ट ने केस को खारिज किया उसने संज्ञेय अपराध (कॉग्निजेबल अपराध) का खुलासा करने का अपना मुख्य काम नहीं किया। कोर्ट का यह भी मानना है कि जांच होनी चाहिए।

## ब्रीफ न्यूज

### केंद्रीय मंत्रियों की 2 दिनी चिंतन बैठक आज से



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रियों की दो दिवसीय चिंतन बैठक बुधवार से शुरू होगी, जिसमें सुधारों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए शासन और नीति-निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा होने की उम्मीद है। 23 और 24 सितंबर को सेवा तीर्थ में मंथन सत्र आयोजित होगा और इसमें पूरी मंत्रिपरिषद शामिल होगी। सेवा तीर्थ में पीएमओ है।

### भागलपुर में गंगा नदी में डूबे 6 बच्चे



**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर से दिल दहलाने वाली खबर सामने आई। यहां गंगा नदी में 6 बच्चों की डूबने से मौत हो गई. बताया जा रहा है कि सभी बच्चे कर्मा-धर्मा पूजा को लेकर स्नान करने के लिए नारायणपुर दियारा गए थे। घटना सुल्तानगंज नगर परिषद के वार्ड नंबर 27 से जुड़ी बताई जा रही है। सभी बच्चे बैकुंठपुर दुधैला के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

### नंदीग्राम में भाजपा प्रत्याशी पर उठे सवाल



**कोलकाता।** नंदीग्राम विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी हासिरानी रथ के चुनावी हलफनामे में उम्र और शैक्षणिक योग्यता से जुड़ी जानकारी पर कांग्रेस ने सवाल उठाए हैं। प्रदेश कांग्रेस ने चुनाव आयोग से मामले की पूरी और निष्पक्ष जांच की मांग की है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष शुभंकर सरकार ने कहा कि हलफनामे में हासिरानी की उम्र अलग- अलग दर्ज है।

### 11 राज्यसभा सीटों पर चुनाव, 16 को वोटिंग

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटें और उत्तराखंड की एक राज्यसभा सीट मिलाकर 11 सीटों पर 16 अक्टूबर को चुनाव होगा। यूपी के 10 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल 25 नवंबर को पूरा हो रहा है। मौजूदा समय में इन 10 में से 8 सीटों पर भाजपा, एक पर समाजवादी पार्टी और एक पर बहुजन समाज पार्टी का कब्जा है।

*एससी एसटी एक्ट से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी*

## तमिलनाडु के डीएसपी, एसआई के खिलाफ कार्रवाई खारिज की

# कार्रवाई शुरू करने से पहले प्रशासनिक जांच है जरूरी, कानून के उलट फैसला



**नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में सुनवाई के दौरान माना कि एससी/एसटी (अत्याचार निवारण) एक्ट-1989 के तहत सरकारी कर्मचारी के खिलाफ कार्यवाही शुरू करने से पहले प्रशासनिक जांच जरूरी है।

कोर्ट ने इस कड़े कानून के तहत तमिलनाडु के डिप्टी सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस और एक सब-इंस्पेक्टर के खिलाफ चल रही कार्रवाई को रद्द कर दिया। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने जननिप्रिया और एक अन्य शख्स की अपील पर सुनवाई की।

बेंच ने कहा कि मामले में स्पेशल कोर्ट ने एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 के प्रावधान के उलट, बिना किसी प्रशासनिक जांच के एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

### दोनों के खिलाफ दर्ज की गई थी एफआईआर

#### यह की गई थी कार्रवाई

कोर्ट ने कहा कि चूंकि एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 के प्रावधान के तहत जरूरी प्रशासनिक जांच नहीं की गई थी, इसलिए कार्यवाही जारी रखने का कोई कारण नहीं था। अपीलकर्ताओं के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट की धारा 18एके तहत कार्यवाही की गई थी। तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली में फर्स्ट एडिशनल डिस्ट्रिक्ट एंड सेशंस जज के आदेश के आधार पर, 18 दिसंबर 2025 को त्रिची जिले के पुथानाथम पुलिस थाने में एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 और आईपीसी की धाराओं 161 और 167 के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। साथ ही दो लोगों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत शिकायत दर्ज कराई गई थी।

#### जांच में एसआई ने पाया था मामला झूठा

सब-इंस्पेक्टर ने शुरुआती जांच की और पाया कि यह मामला झूठा है। आरोप सिर्फ एक सिविल विवाद के बाद जवाब देने के लिए लगाए गए थे। डीएसपी ने सब-इंस्पेक्टर की शुरुआती जांच को मंजूरी दे दी और कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई। इसके बाद शिकायतकर्ता क्रिमिनल प्रोसीजर कोड- 1973 की धारा 156(3)जो बीएनएसएस की धारा 175(3) के समकक्ष है के तहत स्पेशल कोर्ट गया।

### दिल्ली एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

#### ऐसे नोटिस मशीन से जारी हुए लग रहे

*दिल्ली की वोटर लिस्ट के एसआईआर के दौरान मतदाताओं को आ रही दिक्कतों पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। कोर्ट ने बिना सही कारण बताए जारी किए गए 'लॉजिकल डिसक्रिपेंसी' नोटिस पर सवाल उठाए।कोर्ट ने कहा कि बड़ी संख्या में भेजे गए यह नोटिस मशीन से जारी किए गए लगते हैं। आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज की याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने चुनाव आयोग से 'लॉजिकल डिस्क्रेपेंसी' की साफ व्याख्या करने को कहा है। चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने चुनाव आयोग से यह भी पूछा है कि लगभग 33 लाख नोटिसों को निपटाने के लिए कितने बूथ लेवल अधिकारी लगाए गए हैं। कोर्ट ने आयोग को जवाब के लिए 2 सप्ताह का समय दिया है।*



#### स्पेशल कोर्ट की ओर किया रुख

शिकायतकर्ता ने स्पेशल कोर्ट में एक और याचिका दायर की, जिसमें एससी-एसटी एक्ट की धारा 4 के तहत ड्यूटी में लापरवाही का आरोप लगाया गया। इस पर स्पेशल कोर्ट ने एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया, जिसे हाई कोर्ट में चुनौती दी गई, जहां हाई कोर्ट ने मामले में दखल देने से इनकार कर दिया, इसके बाद अपीलकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

#### कोर्ट ने किया इनकार

*कोर्ट ने कहा, "हमने देखा है कि इस मामले में स्पेशल कोर्ट ने खुद ही बिना एडमिनिस्ट्रेटिव जांच के एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया। कोर्ट ने यह भी कहा कि भले ही एक अंतरिम आदेश ने मामले की जांच पर रोक लगा दी थी, लेकिन इससे राज्य को एडमिनिस्ट्रेटिव जांच करने से नहीं रोका गया था। इसके बाद बेंच ने इस स्टेज पर एडमिनिस्ट्रेटिव जांच रिपोर्ट पाने के लिए मामले को स्पेशल कोर्ट में वापस भेजने से इनकार कर दिया।कोर्ट ने कहा कि हमारी राय है कि इस समय, सक्षम अथॉरिटी से एडमिनिस्ट्रेटिव जांच रिपोर्ट पाने के लिए मामले को स्पेशल कोर्ट में वापस भेजने की कोई जरूरत नहीं है। बेंच ने माना कि चूंकि सेक्शन-4 के प्रोविजो के तहत एडमिनिस्ट्रेटिव जांच की जरूरी शर्त का पालन नहीं किया गया था, इसलिए कार्यवाही जारी रखने का कोई कारण नहीं था।*

#### मामूली या अस्पष्ट कारणों से नोटिस दिए गए

*याचिकाकर्ता के लिए पेश वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि 33 लाख से ज्यादा मतदाताओं को मामूली या अस्पष्ट कारणों से नोटिस दिए गए हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि किसी नोटिस में मतदाता और उसके माता-पिता की उम्र के बीच 15 साल से कम अंतर को आधार बताया गया है, लेकिन आयोग की तरफ से मांगे गए 12 दस्तावेजों में माता-पिता की उम्र से जुड़ी जानकारी नहीं होती।*

## आईआईटी में आत्महत्याओं के आंकड़े छिपाने का वेणुगोपाल का आरोप

# कहा- आधे से अधिक मृतक एससी-एसटी,ओबीसी वर्ग से

**नई दिल्ली**



कांग्रेस महासचिव एवं सांसद केसी वेणुगोपाल ने देश के प्रमुख भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) में छात्रों की आत्महत्याओं को लेकर केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि आईआईटी में हुई आत्महत्याओं में आधे से अधिक छात्र एससी, एसटी और ओबीसी वर्गों से संबंधित हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि यह सामाजिक अन्याय का गंभीर उदाहरण है और सरकार इस संबंध में उपलब्ध आंकड़े सार्वजनिक नहीं कर रही है। वेणुगोपाल ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने 8 दिसंबर 2025 को संसद में इस संबंध में सवाल पूछा था, लेकिन मंत्रालय की ओर से दिए गए जवाब में आत्महत्याओं से जुड़े विशिष्ट आंकड़े उपलब्ध नहीं कराए गए और केवल अस्पष्ट जानकारी दी गई।

### मंत्रालय ने 1 दिसंबर को ही आईआईटी को पत्र भेजा था

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि अब यह सामने आया है कि संबंधित मंत्रालय के अवर सचिव ने 1 दिसंबर को ही आईआईटी संस्थानों को इस संबंध में पत्र भेज दिया था। इसके बावजूद मंत्री की ओर से दिए गए जवाब में आत्महत्याओं से संबंधित आंकड़ों को शामिल नहीं किया गया। वेणुगोपाल ने आरोप लगाया कि सरकार ने जान-बूझकर इन आंकड़ों को छिपाया।

### 'सरकार बताए आंकड़े क्यों छिपाए'

वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि आत्महत्याओं से जुड़े आंकड़े संसद के समक्ष क्यों नहीं रखे गए और हाशिए के वर्गों से आने वाले छात्रों के सामने मौजूद संकट से निपटने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

### साहिल वाकोडे मामले का भी किया जिक्र

कांग्रेस सांसद ने हाल में आईआईटी बॉम्बे के छात्र साहिल वाकोडे की मौत का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है और ऐसे समय में आंकड़ों को छिपाने से छात्रों के सामने मौजूद समस्याओं की वास्तविक तस्वीर सामने नहीं आ पाती। साहिल वाकोडे की मौत के मामले में उनके परिवार ने जातिगत भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। वहीं, आईआईटी बॉम्बे ने कहा है कि छात्र की ओर से संस्थान के एससी-एसटी सेल या प्रशासन के समक्ष ऐसी कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। मामले की पुलिस जांच जारी है। वेणुगोपाल ने केंद्र सरकार से आईआईटी में हाशिए के वर्गों के छात्रों की स्थिति पर स्पष्ट जवाब देने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की।

## अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह 2026 का उद्घाटन

# जलवायु-अनुकूल जल प्रबंधन करना आज की अहम जरूरत

**नई दिल्ली**



भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में 9वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय जल सप्ताह (इंडिया इंटरनेशनल वॉटर वीक- आईआईडब्ल्यूडब्ल्यू) 2026 का उद्घाटन किया। जल शक्ति मंत्रालय की ओर से 22 से 26 सितंबर तक आयोजित किए जा रहे इस5 दिनी कार्यक्रम का विषय 'जलवायु-अनुकूल जल प्रबंधन' (क्लाइमेट रिजिलिएंट वॉटर मैनेजमेंट) है।उपराष्ट्रपति ने इस अवसर पर कहा कि जल जीवन और सभ्यताओं का आधार है। उन्होंने इसके विवेकपूर्ण उपयोग, संरक्षण और प्रभावी प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया। राधाकृष्णन ने तमिलनाडु में अपने बचपन के अनुभवों को याद करते हुए कहा कि उन्होंने स्वयं पानी की कमी देखी है और उन्हें याद है कि लोगों तक पीने का पानी पहुंचाना कितना आवश्यक माना जाता था।

## मौसम विभाग ने दी चेतावनी

# तूफान अर्नब से मचेगी तबाही ओडिशा में बंद किए गए स्कूल

**भुवनेश्वर**



भारतीय मौसम विभाग ने सोमवार सुबह करीब 11:45 बजे एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन जल्द ही गहरे डिप्रेशन में बदल सकता है। आईएमडी ने कहा कि पश्चिम-मध्य और उससे सटे उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना डिप्रेशन पिछले 6 घंटों के दौरान 18 किमी प्रति घंटे की गति से पश्चिम की ओर बढ़ा और मंगलवार को सुबह 8:30 बजे उसी क्षेत्र में केंद्रित था। फ़ानों के नामों की सूची के अनुसार, उत्तरी हिंद महासागर में बनने वाले अगले चक्रवात का नाम 'अर्णब' होगा। 'अर्णब' नाम (जिसका बंगाली में मतलब 'सागर' होता है) बांग्लादेश ने उस क्षेत्रीय ट्रॉपिकल साइक्लोन (उष्णकटिबंधीय चक्रवात) के नामों की लिस्ट में शामिल किया था।

*कलकत्ता हाईकोर्ट में सुनवाई*

## ममता राज का एक और कारनामा उजागर

# 2 लाख रुपए दोगे तो... शिक्षक ने सुनाया घूसकांड का ऑडियो क्लिप

**कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुवाई वाली टीएमसीकी पिछली सरकार का एक और कारनामा उजागर हुआ है। आरोप है कि ममता राज में पैसे लेकर शिक्षकों का तबादला किया जाता था।

इसी आरोप के सिलसिले में कलकत्ता हाई कोर्ट में एक पीड़ित शिक्षक ने एक ऑडियो क्लिप बतौर सबूत पेश किया है, जिसमें सुना जा सकता है कि अगर दो लाख रिश्वत दोगे तो पसंद की जगह पर तबादला हो जाएगा। इस पर हाई कोर्ट की जज जस्टिस अमृता सिन्हा ने हैरानी जताई है और मामले की जांच के आदेश दिए हैं। टीचर ने कोर्ट में ऑडियो रिकॉर्ड पेश किया था, जिसमें एक बिचौलिया शिक्षक से मनचाहे स्कूल में तबादला कराने के लिए 2 लाख की रिश्वत मांगता हुआ सुनाई दे रहा है।

#### 25 तक जांच रिपोर्ट दें

अब हाई कोर्ट ने पुलिस को इस मामले की जांच करने के आदेश दिए हैं और कहा है कि 25 सितंबर तक शुरुआती जांच रिपोर्ट अदालत में सौंपे जाएं।पुलिस कॉल करने वाले की पहचान करेगी और ये पता लगाएगी कि कॉल करने वाला किसी गैंग या नेटवर्क का सदस्य तो नहीं है। सरकार के स्कूल सर्विस कमीशन ने इस घटना की जांच की मांग की है। कस्बा थाने के ओसी को जांच करने का आदेश दिया गया है।

## आयोग की चुप्पी पर सवाल उठाए, पूछा क्या वह निष्पक्ष चुनाव करा रहा है ?

# असम प्रभारी भूपेश बघेल के काफिले पर पथराव, आक्रामक हुई कांग्रेस, स्वतंत्र जांच की मांग

**नई दिल्ली**

कांग्रेस ने असम के नौगांव लोकसभा उपचुनाव में प्रचार के दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई समेत अन्य वरिष्ठ नेताओं के काफिले पर जानलेवा हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि भाजपा हार के डर से विपक्षी कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को डराने-धमकाने की सुनियोजित कोशिश कर रही है।

पार्टी ने विपक्षी नेताओं के साथ लगातार देशभर में हो रही ऐसी हिंसक घटनाओं को लेकर चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। बता दें कि सोमवार को नौगांव के समागुरी क्षेत्र में कांग्रेस नेताओं के काफिले पर नकाबपोश हमलावरों ने जानलेवा हमला किया था। इन हमलावरों ने पहले काले झंडे दिखाए, फिर पथराव किया और हॉकी स्टिक, क्रिकेट बैट तथा लोहे की छड़ों से हमला किया।

काफिले में पार्टी के वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल, गौरव गोगोई, धुबरी सांसद रकीबुल हुसैन, विधानसभा में विपक्ष के नेता वाजिद अली चौधरी, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मनोज चौहान, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मीरा बोरठाकुर, प्रत्याशी सिबामोनी मोरा और कई विधायक शामिल थे। कुछ कांग्रेस नेताओं की गाड़ियों पर एसिड भी फेंका गया था। इस दौरान पत्रकारों पर भी हमला किया गया, ताकि घटना की रिपोर्टिंग न हो। हमले के विरोध में पत्रकारों को दो घंटे तक सड़क पर धरना देना पड़ा। पार्टी नेता मनोज चौहान की पसलियों में चोट आई और उनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। इस हमले को लेकर कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए पार्टी के जम्मू-कश्मीर के प्रभारी महासचिव एवं राज्यसभा सांसद डॉ. नासीर हुसैन ने चुनाव आयोग से मांग की कि संबंधित डीसी और एसपी से रिपोर्ट तलब की जाए। जिम्मेदार अधिकारियों का तबादला और निलंबन हो। मामले की स्वतंत्र जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने साथ ही एफआईआर और जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने तथा चुनाव तक प्रत्याशियों, विपक्षी नेताओं, कार्यकर्ताओं और पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

डॉ. नासीर हुसैन ने कहा कि जब भाजपा को चुनाव में हार का डर सताता है, तब वह हिंसा का सहारा लेती है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं को वोट चोरी का एक रूप बताते हुए चुनाव आयोग पर भाजपा के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। कांग्रेस महासचिव ने आरोप लगाया कि घटना से एक दिन पहले इसी तरह की धमकियों के मद्देनजर हमले की आशंका को लेकर पार्टी नेताओं ने पुलिस और चुनाव आयोग को शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। डॉ. नासीर हुसैन ने जोर देकर कहा कि यह केवल कांग्रेस नेताओं पर हमला नहीं, बल्कि मतदाताओं को भी डराने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि ऐसा पहले भी हुआ है और यह विपक्ष के नेतृत्व पर हमला करने का एक पैटर्न है। ऐसी घटनाओं के बाद डर से लोग वोट डालने बाहर नहीं निकलते और वोटिंग प्रतिशत गिरता है, जिसका सीधा फायदा सत्ता पक्ष को मिलता है।

उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव आयोग निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव सुनिश्चित कर रहा है और पूछा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा पहले से हमले की आशंका जताने के बावजूद भीड़ को नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? मौके पर मौजूद केंद्रीय एजेंसियां हमलावरों को रोकने की बजाए पत्रकारों पर हमला क्यों कर रही थीं? चुनाव आयोग ने मामले में अब तक किसी के ऊपर कार्रवाई की है या नहीं? विपक्षी नेताओं को छोटी सी बात पर भी नोटिस भेज दिया जाता है, लेकिन दंगाइयों के खिलाफ चुनाव आयोग कोई कार्रवाई क्यों नहीं करता? कांग्रेस महासचिव ने विपक्षी नेताओं पर हुए पिछले हमलों का जिक्र करते हुए कहा कि देशभर में ऐसी घटनाएं लगातार हो रही हैं। उन्होंने याद दिलाया कि जनवरी 2024 में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान असम में राहुल गांधी और जयराम रमेश के वाहनों पर हमला हुआ था। 13 नवंबर 2024 को समागुरी उपचुनाव और 20 फरवरी 2025 को रुपाहीहाट में रकीबुल हुसैन के काफिले पर हमला हुआ था। 30 मार्च 2026 को नादुआर में कांग्रेस प्रत्याशी सुनील कुमार छेत्री पर हमला हुआ था, जिसमें वे घायल भी हुए थे। डॉ. हुसैन ने कहा कि सिर्फ असम ही नहीं, उत्तर प्रदेश में भी 18 सितंबर 2026 को सांसद लक्ष्मीकांत निषाद और पश्चिम बंगाल में महुआ मोइत्रा पर हमला हुआ। त्रिपुरा में साल दर साल कांग्रेस नेताओं पर हमले हुए हैं। हाल ही में पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के प्रत्याशी को नामांकन वापस लेना पड़ा और कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को पुराने केस में गिरफ्तार किया गया। उन्होंने नकाबपोश हमलावरों के जेएनयू, शाहीन बाग और उत्तर-पूर्वी दिल्ली की घटनाओं में शामिल होने का उल्लेख भी किया।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक गजेंद्र सिंह राठौड़ के लिए, मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 12सी, श्री राम नगर विस्तार, स्कीम 12 सी, झोटवाड़ा, जयपुर 331403 (राजस्थान) से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJBIL/26/A5611, प्रबंध सम्पादक- गजेंद्र सिंह राठौड़, मो. 9461119998, E-mail: info@zoomnews.in